वैशाख कृष्ण पक्ष-3, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 310 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
26 अप्रैल 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
38 अधिकतम
24 न्यूनतम



Page- 7

## दूसरे दौर में मप्र की छह सीटों समेत देश भर में 88 लोकसभा सीटों पर मतदान

# 40 पार... इस बार बढ़ती नजर आ रही मतदान की रफ्तार

**भोपाल/नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो/एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज देश के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 88 सीटों पर मतदान हो रहा है। पहले चरण में कम मतदान से चिंतित राजनीतिक दल कई दिनों से मतदाताओं से ज्यादा मतदान की अपीलें करते रहे है, इसका असर शुरूआती दौर में तो नजर आ रहा है तथा कई स्थानों पर तेजी से वोट भी पड रहे हैं। दोपहर दो बजे तक देश में औसतन 40 फीसदी मतदान की खबरें है। आज मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के बचे हुए इलाकों में, केरल में सभी 20 सीटों, कर्नाटक में 14, राजस्थान में 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में 8-8, मध्य प्रदेश में 6, असम और बिहार में 5-5, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में 3-3, त्रिपुरा की 1, और जम्मू-कश्मीर की दोनों लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। मप्र में भी दोपहर तक सतना व होशंगाबाद सीट पर सबसे 36 प्रतिशत व दमोह में सबसे कम 22 प्रतिशत मतदान देखा गया है।

उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को पहले दौर के चुनाव में 21 राज्यों की कुल 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस चरण में मतदाता चुनाव मैदान में उतरे 1202 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर रहे हैं। आज राहुल गांधी, ओम बिड़ला, शशि थरूर, हेमामालिनी, अरूण गोविल, वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, पप्पू यादव की सीटों पर भी वोट पड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह से लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तक ने सभी लोगों से अनुरोध किया है कि वह बढ़-चढ़कर वोट करें। मोदी ने कहा, 'मतदाताओं से मेरा अनुरोध है कि वे रिकॉर्ड संख्या में मतदान करें। उन्होंने युवा वोटर्स के साथ ही देश की नारीशक्ति से आग्रह किया कि वोट डालने के लिए वे बढ़-चढ़कर आगे आएं। वहीं राहुल गांधी ने कहा,' देश की तकदीर का फैसला करने जा रहे इस ऐतिहासिक चुनाव का आज दूसरा चरण है। आपका वोट तय करेगा कि अगली सरकार 'चंद अरबपतियों' की होगी या '140 करोड़ हिंदुस्तानियों' की। इसलिए घर से बाहर निकले और 'संविधान का सिपाही' बन कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट करे।'

**पीएम मोदी का युवाओं व महिलाओं से जमकर वोटिंग का आग्रह**

**राहुल बोले-तय करें सरकार अरबपतियों की होगी या 140 करोड़ देशवासियों की**

**लोकसभा चुनाव 2024**

**इस चरण की 88 में से पिछली बार 52 भाजपा को मिली थी, 22 कांग्रेस को**



### मप्र में चार घंटे में 30 फीसद मतदान...

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की 6 सीटों सतना, रीवा, दमोह, खजुराहो, टीकमगढ़ और होशंगाबाद पर वोटिंग हो रही है। इन पर करीब 1.06 करोड मतदाता हैं। सुबह करीब चार घंटे में ही यानि 11 बजे तक करीब 30 फीसद मतदान हो चुका था। दोपहर डेढ बजे तक यह आंकड़ा 40 प्रतिशत को पार करता लग रहा था। गर्मी को देखते हुए कई मतदान केंद्रों पर रफ्तार कुछ कम नजर आने लगी, लेकिन दोपहर तीन बजे के बाद फिर मतदान तेज होने के आसार हैं।



होशंगाबाद



रीवा

### वीडी-मलैया भड़के, कुछ जगह बहिष्कार

**आज मतदान के दौरान पूर्व मंत्री व विधायक जयंत मलैया जब अपने शहर दमोह में मतदान करने पहुंचे तब मतदान शुरू नहीं हुआ था। इस पर मलैया भड़क गए। वहीं खजुराहो में देर से मतदान शुरू होने पर भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा नाराज नजर आये। दमोह में ड्यूटी पर तैनात एक वनकर्मी को हार्ट अटैक आ गया। रीवा, सतना, दमोह और नर्मदापुरम में कुछ जगह ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया। बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा ने नरसिंहपुर के गाडरवाड़ा में वोट डाला।**



दमोह

# EVM को सुप्रीम क्लीन चिट, वीवीपैट 45 दिन सुरक्षित रखने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को आज सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट मिल गई है। इसी के साथ भारतीय चुनाव में बैलेट पेपर पर सील लगाकर मतदान की संभावना खत्म हो गई है। आज कोर्ट ने वोटों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीलबंद प्रतीक लोडिंग इकाइयों को ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाएगा। इंजीनियरों की टीम द्वारा माइक्रोकंट्रोलर यूनिट में बर्न मेमोरी की जांच की जाएगी। कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। ये फैसला जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में साफ कर दिया है कि मतदान ईवीएम मशीन से ही होगा। ईवीएम-वीवीपैट का 100 फीसदी मिलान नहीं किया जाएगा। 45 दिनों तक वीवीपैट की पर्ची सुरक्षित रहेगी। ये पर्चियां उम्मीदवारों के हस्ताक्षर के साथ सुरक्षित रहेगी। कोर्ट का यह भी निर्देश है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए। यह भी निर्देश दिया गया है कि उम्मीदवारों के पास नतीजों की घोषणा के बाद टेक्निकल टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के सात दिनों के भीतर किया जा सकेगा।मगर वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को ही उठाना पड़ेगा। अगर किसी स्थिति में ईवीएम से छेड़छाड़ की गई या ईवीएम को किसी तरह का नुकसान पहुंचा तो उसका हर्जाना भी भरना पड़ेगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि किसी सिस्टम को आंख मूंदकर अविश्वास करने से संदेह ही पैदा होगा। लोकतंत्र का मतलब ही विश्वास और सौहार्द बनाए रखना है।

बता दे कि मौजूदा समय में वीवीपैट वेरिफिकेशन के तहत लोकसभा क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सिर्फ पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम वोटों और वीवीपैट पर्ची का मिलान किया जाता है. इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सिर्फ पांच रैंडमली रूप से चयनित ईवीएम को सत्यापित करने के बजाय सभी ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों की गिनती की मांग करने वाली याचिका पर ईसीआई को नोटिस जारी किया था।

**सिंबल लोडिंग यूनिट भी स्ट्रंग रूम में रहेंगी, उमीदवार करा सकेंगे जांच**



### VVPAT या है?

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 2013 में VVPAT यानी वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल मशीनें डिजाइन की थीं ये दोनों वही सरकारी कंपनियां EVM यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें भी बनाती हैं।

# सिंधिया के लिए पहुंचे शाह, दिग्विजय के इलाके में टेंट उड़ा

**'इस बार गुना को मिलेंगे दो-दो नेता'**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज गुना व राजगढ में भाजपा उम्मीदवार का प्रचार करने भोपल से रवाना हुए। उन्होंने रात्रि विश्राम भोपाल में ही किया था तथा देर रात तक सीएम समेत कुछ भाजपा नेताओं से मप्र की स्थिति पर फीडबैक लिया, उन्होंने सभी बाकी चरणों में मतदान का प्रतिशत बढाने की भी खास हिदायत दी। सुबह वे ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिये सभा करने गुना लोकसभा क्षेत्र में पहुंचे उन्होंने कहा कि गुना वालों को दो नेता मिलेंगे। एक ज्योतिरादित्य सिंधिया और दूसरे केपी यादव। इसके बाद उन्हें राजगढ लोकसभा के खिलचीपुर में सभा करना है, हालांकि वहां सुबह से तेज बारिश और आंधी के चलते सभास्थल पर टेंट आदि गिर गये। इससे पहले आज भोपाल में उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। शाह ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र पर्सनल लॉ को आगे बढ़ाने की बात करता है। राहुल गांधी से पूछें, यदि आप पर्सनल लॉ को आगे बढ़ाएंगे तो क्या ये देश शरिया कानून के आधार पर चलेगा? किस प्रकार का पंथ निरपेक्ष संविधान आप इस देश में चाहते हैं? हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष है। धर्म के आधार पर देश का कानून नहीं बन सकता। भाजपा ने घोषणापत्र में साफ कहा है कि वह समान नागरिक संहिता लाएगी। हमने तीन तलाक को खत्म किया और यूसीसी की शुरुआत की और हम इसे आगे बढ़ाएंगे।



**4 जून के बाद मिलेगा ईनाम!**

# रावत ने दी कांग्रेस को राहत, मगर..

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस में नाराज चल रहे वरिष्ठ विधायक रामनिवास रावत ने पार्टी को फिलहाल राहत दे दी है। वे चार जून तक रूकने के लिये तैयार हो गये हैं। दरअसल उनके भाजपा में जाने की खबरों से कांग्रेस हाइकमान बेहद परेशान था, क्योंकि रावत जातिगत समीकरणों के चलते ग्वालियर चंबल संभाग में चार सीटों पर खासा दखल रखते हैं, उनके जाने से यह वोट बैंक भी छिटकने का अंदेशा पैदा हो गया था। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे से उनकी बातचीत कराई है।

माना जा रहा है कि मुरैना लोकसभा सीट से सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) को उम्मीदवार घोषित करने से रावत नाराज थे। वे विजयपुर से 6 बार के विधायक हैं। लिहाजा चर्चा तेज थी कि 25 अप्रैल को मुरैना में पीएम नरेन्द्र मोदी की सभा के दौरान वे बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। लेकिन कल यह सभा भी हो गई और रावत भी कांग्रेस में रहे। सूत्रों का कहना है कि रावत की नाराजगी से कांग्रेस एक्टिव हुई थी और मनाने की कोशिशें में थी। सूत्र बताते हैं कि राहुल गांधी से फोन पर चर्चा के बाद रामनिवास रावत मान गए हैं। उन्हें लोकसभा चुनाव परिणाम आने तक संयत रहने का कहा गया है। माना जा रहा है कि चार जून के बाद रावत को कांग्रेस में उनकी वरिष्ठता के आधार पर दायित्व दिया जा सकता है। फिलहाल वे कांग्रेस के प्रचार में भी लग गए हैं।उन्होंने राजगढ सीट पर दौरा भी किया है। वे जल्द ही राहुल से मुलाकात भी कर सकते हैं।



**मेडिकल बोर्ड भी बना**

# केजरीवाल को रोज 4 बार मिल रही इंसुलिन

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। कोर्ट के आदेश के बाद केजरीवाल के हेल्थ को देखने के लिए एम्स के 5 डॉक्टरों का एक मेडिकल बोर्ड बनाया गया है। केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। उसके बाद वो 10 दिन ईडी की कस्टडी में रहे। बाद में कोर्ट ने ज्यूडिशियल कस्टडी में केजरीवाल को जेल भेज दिया था। मेडिकल बोर्ड को हेड डॉक्टर निखिल टंडन कर रहे हैं। केजरीवाल को सोमवार से रोजाना दोपहर के खाने के पहले 2 यूनिट इंसुलिन की लो-डोज और रात में डिनर के पहले 2 यूनिट इंसुलिन की लो-डोज दी जा रही है। अभी मेडिकल बोर्ड से केजरीवाल की मीटिंग नहीं हुई है। जल्द मेडिकल बोर्ड की टीम तिहाड़ जेल जाएगी और केजरीवाल का चेक अप कर सकती है।



**पहली बार ऑलटाइम हाई**

# SBI के शेयर्स ने रचा इतिहास

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक लिमिटेड के शेयरों ने नया कीर्तिमान रच डाला है। पीएसयू बैंक के शेयर ने पहली बार 800 के लेवल को पार करते हुए ऑल टाइम हाई लगाया। शेयरों में शानदार तेजी ऐसे समय में आई, जब एक्सिस और इंडसइंड बैंक ने अपने नतीजे जारी किए। जानकारों का अनुमान है कि 2-3 दिनों में स्टॉक में 820-830 रुपये का स्तर देखने को मिल सकता है। 750 रुपये पर स्टॉप लॉस बनाए रखा जा सकता है।




### शादी के पटाखों से जला पांडाल, छह मौतें

**दरभंगा।** कल पटना के पाल होटल के बाद अब दरभंगा में भीषण आग की चपेट में आने से परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मध्य रात्रि को बाराती शादी समारोह में आतिशबाजी कर रहे थे। पटाखे की चिंगारी से पहले टेंट में आग लग गई। देखते ही देखते पूरे पंडल में आग फैल गई। इस दौरान वहां रखे सिलेंडर ब्लास्ट करने लगे। इससे निकली आग रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के गैलन में लग गई। इस कारण आग ने भयानक रूप ले लिया। रामचंद्र पासवान के परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों की हालत गंभीर है।



## अतरंगी मौसम





राजधानी का मौसम अतरंगी बना हुआ है। कहीं बेमौसम बारिश कहर बरसा रही है तो कहीं तेज गर्मी से लोग परेशान हैं। वहीं प्रदेश के कई इलाकों में ओलावृष्टि भी दर्ज की गई।

## सामूहिक विवाह



भोपाल। बाबा सुखदेव स्वामी कल्याण आश्रम में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया जिसमें आश्रम द्वारा शादी कराई गई गरीब बच्चों की इस मौके पर बाबा आश्रम के अध्यक्ष मनजीत सिंह एवं हरप्रीत बाबा मौजूद एवं योगेश कुमार थे।

### ट्रेन में सफर के दौरान महिला यात्रियों को हुई थी असुविधा

# ट्रेनों में एक लाख महिला यात्रियों को मांगनी पड़ी मदद, तब पूरी हुई यात्रा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल, जबलपुर व कोटा के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में सफर के दौनान 1 लाख से अधिक महिला यात्रियों को रेलवे से मदद मांगनी पड़ी। ये वे महिलाएं हैं जो जिन्होंने ट्रेनों में अकेले या बच्चों के साथ सफर किया। इन्हें सफर के दौरान असुविधा हुई, जैसे– बाजू की सीट पर मोबाइल चलाने वालों से परेशानी, रात के समय बोलने वालों से परेशानी, कोच में संदिग्ध लोगों के होने और उनके द्वारा परेशान करना और आरक्षित बर्थ में बिना टिकट प्रवेश कर हंगामा करना आदि। ऐसी स्थिति निर्मित होने पर इन महिला यात्रियों ने आरपीएफ की विंग से मदद मांगी। जिसके बाद विंग ने उनकी पूरी बातों को सुना और उस अनुरूप उन्हें जरूरी मदद की। अंतिम स्टेशन पर उतरने तक संबंधित महिलाओं के संबंध में आरपीएफ की महिला विंग रही। मदद मांगने वाली इन महिलाओं का आंकड़ा अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक का है। इन्हें मेरी सहेली अभियान के तहत मदद पहुंचाई गई।

रेलवे द्वारा बताया गया कि तीनों मंडलों के विशेष महिला वाहनियों की टीम द्वारा

## ऑपरेशन 'मेरी सहेली' अभियान के तहत 2023-24 में 01 लाख से अधिक महिला यात्रियों की मदद की



माह अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के दौरान 'मेरी सहेली' अभियान के तहत 21251 यात्री ट्रेनों में 105120 महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई। वर्ष 2022-23 के दौरान 12914 यात्री ट्रेनों में 46451 महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई थी। उल्लेखनीय है कि महिला सुरक्षा के लिए रेलवे ने ऑपरेशन मेरी सहेली पहल के तहत शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करना है। इस ऑपरेशन के अंतर्गत जो महिला यात्री अकेले सफर करती है, उन यात्रियों का विशेष ध्यान 'मेरी सहेली' रख रही है। अकेली यात्रा करने वाली महिला यात्री सुकून के साथ अब ट्रेन से सफर कर रही है।

### ऐसे काम करती ऑपरेशन मेरी सहेली

प्लेटफार्म पर ट्रेन के रुकते ही हर कोच में टीम की एक-एक महिला जवान अंदर जाकर महिला यात्री से मेरी सहेली की पूरी जानकारी देकर एक फॉर्म में उनका मोबाइल, नाम और अंतिम स्टेशन के बारे में पूछती है। ट्रेन में भी मेरी सहेली की टीम महिलाओं से लगातार संपर्क में रहती हैं। इस योजना के तहत ट्रेन से सफर तय करने वाली महिला यात्रियों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है। महिलाओं की सुरक्षा और समस्याओं से निपटने के लिए मेरी सहेली निगरानी रखती है। मेरी सहेली की टीम को इसकी शिकायत मिलते ही टीम के सदस्य रिस्पॉन्स देती है और समस्या को दूर किया जाता है। महिलाएं 139 और 182 आपातकालीन नंबर पर कॉल करके भी मदद ले सकती है।

# एक मई से यूजी, पीजी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी, छात्राओं का रजिस्ट्रेशन फ्री

### दूसरे व सीएलसी राउंड में 350 रुपए की छूट, छात्रों को पहले राउंड में देने होंगे 150 रुपये

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में इस बार कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण हुए और कॉलेज में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी और निजी कॉलेजों में प्रवेश के लिए समय-सारणी जारी कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, कॉलेजों में यूजी-पीजी और एनसीटीई के कोर्स में प्रवेश के लिए 1 मई से प्रक्रिया शुरू होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में गुरुवार को समय-सारणी जारी की है। जिसके अनुसार, यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 मई से शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 20 मई है, वहीं पीजी कोर्स में रजिस्ट्रेशन 2 मई से 21 मई तक होंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 2 से 21 मई तक होगा। खास बात यह भी है कि इस बार प्रवेश प्रक्रिया में शुल्क को लेकर भी बदलाव किया गया है। पहले राउंड में छात्राओं को जहां फ्री रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी है, वहीं दूसरे व सीएलसी में सभी छात्र-छात्राओं को 350 रुपए की छूट दी है। वहीं छात्रों को पहले राउंड में 150 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। इससे पहले रजिस्ट्रेशन के लिए 100 रुपए फीस थी और सीएलसी राउंड में 500 रुपए लिए जाते थे।

### दो मुख्य और एक सीएलसी राउंड

पिछले वर्ष की काउंसलिंग एक मुख्य राउंड व अन्य सीएलसी राउंड चलाए गए थे। इस बार दो मुख्य और एक सीएलसी राउंड होंगे। इस संबंध में विभाग द्वारा गुरुवार को प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। विभाग के इस निर्णय से लगभग 6 लाख विद्यार्थियों को लाभ होगा। पिछले वर्ष यूजी-पीजी की 9.90 लाख सीटों पर 5.93 लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था।

### पहले दो चरण ऑनलाइन, फिर सीएलसी में प्रवेश

प्रवेश के लिए पहले दो चरण ऑनलाइन काउंसलिंग की जाएगी। जबकि तीसरे चरण में कॉलेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) की जाएगी, जो 21 जून से शुरू होगी। पंजीयन करवाने के बाद कालेजों में मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों की सूची लगाई जाएगी। यूजी के पहले चरण की सीट आवंटन होने के बाद विद्यार्थियों को 25 मई से 3 जून तक फीस जमा करना होगी।

# अस्थिबाधितार्थ उमा विद्यालय में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

**भोपाल।** संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित इंदौर के शासकीय अस्थिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। सत्र 2024-25 में 6 वर्ष एवं अधिक आयु समूह के दिव्यांग बालकों को नियमानुसार कक्षा 1वीं से 8वीं शिक्षण के लिए प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024 है। इंदौर नगर निगम सीमा से बाहर निवास करने वाले बालकों को प्रवेश पश्चात छात्रावास की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन पत्र कार्यालय में कार्यालीन समय में अवकाश दिवस को छोडकर स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा निशुल्क प्राप्त किये जा सकते है। प्रवेश के लिए अर्हताएं में कक्षा 1 में आयु सीमा 6 वर्ष अधिक अथवा कक्षा अनुसार, शैक्षणिक योग्यता अंतिम उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता होना आवश्यक है।

## शोधपत्र



राजधानी के वरिष्ठ अधिवक्ता जीके छब्बर की पुत्री तथा बिटस पिलानी की पीएचडी स्कॉलर लक्ष्मी दिव्या छिब्बर पुत्री गोपाल कृष्णा छिब्बर ने 28 वे इंटरनेशनल कांफ्रेंस जापान में अपने शोधपत्र को प्रस्तुति दी। उनका शोध पत्र अंतर राष्ट्रीय मैगजीन में भी प्रकाशित हुआ है।

### याशिका लालवानी के साथ अव्वल रहें बच्चों का हुआ सम्मान

# बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल में जिला प्रावीण्यसूची में तीसरे नबंर पर रहीं याशिका लालवानी का विशेष रूप से सम्मान किया गया। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थी सभी के सामूहिक प्रयास से विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा। पिछले साल विद्यालय के 47 विद्यार्थियों को मप्र शासन द्वारा लैपटॉप की राशि प्राप्त हुई थी। इस बार 58 विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि मिलेगी। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि अत्यंत खुशी हो रही है कि हमारे प्रिय बच्चों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा, यह सारा कार्य अकेले विद्यालय का नही है इसमें अभिभावकों का भी सहयोग है।

### मुकिता स्कूल की कविता जिला की प्रावीण्य सूची में

मुकिता इंटर नेशनल स्कूल की कविता मेवाड़ा ने 12वीं की जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। कविता मेवाड़ा ने 500 में से कुल 476 अंक अर्जित किए। 10वीं में पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक , 16 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए है। कक्षा 12वी में 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत, 23 विद्यार्थियों ने प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

**मेट्रो एंकर**

### मुकिता में दाना-पानी जागरुकता अभियान

# सात्विकता बढ़ती है पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने से : सिद्धभाऊजी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मुकिता इंटरनेशनल स्कूल में आज विद्यार्थियों को पशु-पक्षियों को दाना पानी देने हेतु जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, मां सरस्वती व संतजी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि आज हमारे बीच संत सिद्धभाऊजी उपस्थित हुए हैं, जो हमारे लिए सौभाग्य कि बात है मैं बताना चाहता हूं कि हर माह की 22 तारीख को रामधुनी लगाई जाती है, जिसमें सम्मिलित होते हैं और रामधुनी लगाते हैं।

मेरा विश्वास है एवं जो विद्यार्थी पक्षियों को अन्न पानी देगा व सात्विक विचारों वाला बनेगा, उसमें पशु-पक्षियों के प्रति करुणा का भाव आएगा, मैं



आभारी हूं भाऊजी का जिन्होंने यह मुहिम चलाई है, जिससे न सिर्फ पशु-पक्षियों की प्यास मिटेगी वरन् हम सबको भी इन पशु-पक्षियों की दुआएं मिलेंगी।

सिद्ध भाऊजी ने कहा कि हर व्यक्ति चाहता है कि मैं आगे बढ़ूं और हर मुकाम हासिल करूं क्योंकि अच्छे व पढ़े लिखे इंसान का हर जगह नाम व सम्मान होता है। जिस परिवार में पशु पक्षियों को हर दिन दाना-पानी दिया जाता है। उस घर में किसी चीज की कमी नहीं रहती है। साथ ही पक्षियों को दाना-पानी देने से हमारे मन में पक्षियों के प्रति दया, करुणा पैदा होती हैं और हमारे अंदर सात्विक प्रवृत्ति आती है। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कहा कि आज आप ने जो सुना अगर उसको जीवन में अपनाएंगे तो आप निश्चित रूप से दुखी दिन नहीं देखेगें आज आपके साथ मैं भी यह संकल्प लेता हूं कि सर्वप्रथम पक्षियों को दाना पानी दूंगा बाद में मैं पानी ग्रहण करूंगा। मिठ्ठी स्कूल की कॉर्डिनेटर मिनी नायर ने कहा, इस सेशन को सुन कर यह सकंल्प लेकर जाए कि प्रतिदिन पक्षियों के लिए दाना-पानी रखेंगे।

छात्र मानव राजपूत ने कविता तुम ने दाना पानी देकर मुझ पर है उपकार किया प्रस्तुत की गई। सिद्ध भाऊजी ने विद्यार्थियों को अन्न के पात्र अनाज वितरित किए। सभी विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि रोज सुबह उठकर पक्षियों को एक बार अन्न व तीन बार ठंडा जल देंगे और उनकी दुआएं प्राप्त करेंगे।

# 'सिंधियत शाद रहे, आबाद रहे' पुस्तक का सिद्धभाऊ ने किया विमोचन



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शीर्ष सिंधी साहित्यकार 90 वर्षीय भोजराज खेमानी 'क्रान्ति' मुम्बई द्वारा लिखित पुस्तक 'सिंधियत शाद रहे, आबाद रहे' का देश के अनेक शहरों में द्वारा संतों एवं महापुरुषों ने विमोचन किया है। वहीं संतजी के शिष्य सिद्धभाऊजी गुरूवार को पुस्तक का विमोचन किया।

सिद्धभाऊजी ने कहा कि सिंधियत शाद रहे, आबाद रहे पुस्तक का अमली जामा घर-घर से पहनाना होगा ताकि हमारी मातृभाषा विकास करती रहे। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी ने बताया कि बुजुर्ग साहित्यकार भोजराज खेमानी भारत के अनेक संस्थाओं, अकादमियों से सिंधी साहित्य के क्षेत्र में अनेक अवार्ड प्राप्त कर चुके है। अभी हाल ही में अखिल भारतीय सिंधी बोली एवं साहित्य सभा द्वारा सिंधी भाषा के विकास में सराहनीय भूमिका अदा करने पर 50,000 हजार के नगद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई।

इस अवसर पर पंचायत के नंद दादलानी, वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहानी, दीपा आहूजा उपस्थित रहीं। पंचायत के संरक्षक हीरो भाऊ ज्ञानचंदानी, महासचिव माधू चांदवानी के अतिरिक्त गुलाब जेठानी, माधवदास पारदासानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी आदि ने पुस्तक की सराहना करते हुए भोजराज खेमानी को बधाई दी है।

दूसरे चरण का मतदान, चौथे चरण की तैयारी पूरी

# मुख्यमंत्री ने कहा- विपक्षी गठबंधन होगा धराशायी

## कांग्रेस ने मांगा दस साल का हिसाब




**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र में आज दूसरे चरण के लिये छह सीटों पर मतदान कराया जा रहा है। वहीं आखिरी यानि चौथे चरण के लिये नामांकन जमा करने का दौर पूरा हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल के अंतिम दिन 43 अभ्यर्थियों ने 71 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। चौथे चरण में कुल 101 अभ्यर्थियों द्वारा 154 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये हैं। ज्ञात हो कि चौथे चरण में देवास, उज्जैन, इंदौर, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन व खंडवा में मतदान 13 मई को कराया जाएगा।



इधर भाजपा व कांग्रेस के नेता व उम्मीदवार तीसरे और चौथे चरण के लिये दौरे सभा में जुटे हैं। सीएम मोहन यादव ने इंदौर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी एवं झाबुआ-रतलाम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिता चौहान के साथ रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल कराने के बाद जनसभाओं को संबोधित किया व कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत में चुनाव लड़ती है, लेकिन बात अमेरिका के कानून की करती है। राहुल गांधी के गुरू कहते हैं कि अमेरिका में कानून है कि घर के मुखिया के निधन के बाद उसकी 40 प्रतिशत प्रापर्टी बच्चों के पास और 60 प्रतिशत सरकार के पास चली जाती है। इस बार नरेंद्र मोदी आंधी में घमंडिया गठबंधन पूरी तरह धराशायी हो जाएगा। इधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज दूसरे चरण के मतदान के लिए मतदाताओं से आव्हा्न करते हुए कहा कि सजग और सक्रिय मतदाता ही लोकतंत्र के सबसे बड़े रक्षक हैं। प्रदेश के मतदाता भाई-बहन शुक्रवार को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक वोट कर के अपनी इस भूमिका को सार्थक करें।

### पीएम दौरे के बाद भोपाल पर फोकस बढ़ा

भाजपा ने पीएम मोदी के रोड शो के बाद भोपाल सीट के लिये अपना फोकस और बढ़ा दिया है संगठन महामंत्री हितानंद ने दक्षिण पश्चिम विधानसभा चुनाव कार्यालय में बैठक को किया संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य दिया है।इसे हर हाल में हासिल करने का प्रयास करें। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए आंदोलन किया और अपना बलिदान दे दिया। इसलिए हम सभी कार्यकताओं को हर बूथ पर 370 नये वोट ब?ाकर मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि देना है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमें हर बूथ पर 13 करणीय कार्य दिए है। कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर संपर्क कर भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता को बताकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान करें।

### मप्र की छह सीटों पर मतदान के नजारे...


होशंगाबाद


टीकमगढ़


दमोह


खजुराहो


रीवा


सतना

### स्विस बैंक से काला धाना क्यों नहीं लाए- पटवारी

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राष्ट्रीयमहासचिव सचिन पायलट,व सांसद विवेक तन्खा एवं अरुण यादव ने उज्जैन लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार की नामांकन रैली में भाजपा पर जमकर हमले किये। इन नेताओं ने मंदसौर में कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर की नामांकन रैली व जनसभा को संबोधित किया। पटवारी ने कहा कि अमृतकाल में हर व्यक्ति द्वारा संविधान बचाने की चर्चा हो रही है, उधर दूसरी तरफ 1947 की तैयारी की बात प्रधानमंत्री द्वारा कही जा रही है, परंतु सच्चाई यह है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद दूसरा चरण देखकर भारतीय जनता पार्टी घबरा गई है और भाजपा के नेता अनर्गल बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के इन 10 सालों के शासन काल में देश पर 255 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है, क्या यही अच्छे दिन है मोदी जी से जवाब मांगिए। उन्हें बताना चाहिये कि स्विस बैंकों से कालाधन लाने के वादे का क्या हुआ है।



लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए परिणाम

## नौवीं में 63 प्रतिशत और 11वीं में 83 प्रतिशत विद्यार्थी पास, 2.38 लाख फेल

### डिंडौरी-मुरैना अव्वल, सतना-दमोह हुए पीछे, भोपाल 21 व 25वें नबर पर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोक शिक्षण संचालनालय ने नौवी और ग्यारहवीं कक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। 9वीं में 63 प्रतिशत और 11वीं में 83 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं दोनो कक्षाओं में करीब 2.38 लाख विद्यार्थी फेल हो गए हैं। लगभग 83 हजार विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री मिली है। 9वीं के परीक्षा परिणाम में 80 प्रतिशत के साथ डिंडौरी जिले ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। 49 फीसदी अंकों के साथ सतना जिला सबसे नीचे 52वें नंबर पर है। भोपाल जिला का नंबर 21वां है। 11वीं के परिणाम में 93 फीसदी अंकों के साथ मुरैना जिला पहले नंबर है, जबकि दमोह जिला 69 फीसदी अंकों के साथ सबसे नीचे पायदान पर है, भोपाल जिले का 25वां नंबर है।

### 11 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे

उल्लेखनीय है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा दोनो कक्षाओं की परीक्षाओं का आयोजन फरवरी में किया गय था। दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में लगभग 11 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षाओं का परिणाम स्कूल स्तर पर घोषित किया जा चुका था। अब विभाग ने गुरुवार को एक्जाई रिजल्ट जारी किया है। 9वीं कक्षा में 693904 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें 440236 विद्यार्थी पास हुए हैं। 51550 विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री मिली है। 202118 विद्यार्थी फेल हुए हैं, जबकि 11वीं परीक्षा में 393571 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें 325938 विद्यार्थी पास हुए हैं। 31446 विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री मिली है। 36187 विद्यार्थी फेल हुए हैं।

## विभागों को 15 मई तक बताना होगा सिंहस्थ में क्या करेंगे?

### सुधार और सुझावों की जानकारी भी देनी होगी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उज्जैन सिंहस्थ में विभाग अपने अपने स्तर पर क्या करेंगे, यह 15 मई तक बताना होगा। इस बार तय किया है कि सिंहस्थ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाए। जैसे- जिस आखड़े या क्षेत्र में जो श्रद्धालु पहुंचेंगे, उन्हें उसी क्षेत्र में तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। केवल स्नान के लिए नजदीकी घाट पर जाना होगा। असल में उज्जैन सिंहस्थ- 2028 को सफल बनाने के लिए प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी व प्रमुख विभागों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों का दल प्रयागराज का दौरा करेगा। ये अधिकारी कुंभ 2025 को लेकर की जा रही तैयारियों और उसके लिए तैयार मॉडल का अध्ययन करेंगे। इस बात पर सोमवार को मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया। किस विभाग से कितने अधिकारी जाएंगे, इसकी सूची तैयार की जाएगी। चरणवार अलग-अलग तैयारियों से जुड़े अधिकारियों को प्रयागराज भेजा जाएगा। प्रयागराज में कुंभ 2025 की तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही है। मप्र ने उज्जैन सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज कर दी है। अब तक कई दौर की बैठकें हो चुकी है। सोमवार को हुई बैठक भी इसी का हिस्सा थी। बैठक में सिंहस्थ की तैयारियों से जुड़े विभागों के प्रमुख सचिव समेत अन्य अधिकारी थे। जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने स्तर पर की जाने वाली तैयारियों को तेज कर दें।

मदरसा बोर्ड

### 25 जुलाई तक भरे जाएंगे 10वीं 12वीं के परीक्षा आवेदन

**भोपाल.** मप्र मदरसा बोर्ड की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 में शामिल होने के वाले विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरने के लिए बोर्ड ने तारीख बढ़ाई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की गई है। अब बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि 25 जुलाइ तय की गई थी। इस तिथि को बढ़ाकर अब 31 जुलाई, 2024 निर्धारित किया गया है। इस संबंध में बोर्ड के फोन नम्बर 0755-2735931, 2731437 और 2737362 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**मेट्रो एंकर** रुक जाना नहीं योजना अंतर्गत आवेदन शुरू, 5 मई तक कर सकेंगे

## माशिमं: दसवीं-बारहवीं में फेल हुए 5.60 लाख छात्रों को मिलेगा एक और मौका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं-बारहवीं के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार इस परीक्षा में जहां 1.88 हजार विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री आई है, वहीं 5.60 लाख विद्यार्थी फेल हो गए हैं। ऐसे में इन विद्यार्थियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। माशिमं द्वारा इन्हे पास होने के लिए एक और मौका दिया जाएगा। सप्लीमेंट्री वाले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का आयोजन एमपी बोर्ड द्वारा किया जाएगा। वहीं रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत आवेदन शुरू हो गए हैं। इसमें विद्यार्थी 5 मई तक फेल हुए विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं। राज्य ओपन बोर्ड दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं आयोजित करेगा। रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स को ओपन बोर्ड की मार्कशीट मिलेगी। परीक्षा सिर्फ उन विषयों की ही देनी होगी, जिनमें फेल हुए हैं।


**एमपी ऑनलाइन के माध्यम से होंगे आवेदन:** रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत 12वीं एक से अधिक और 10वीं में दो से




अधिक विषयों में फेल स्टूडेंट रुक जाना नहीं योजना में आवेदन कर सकते हैं। वहीं 12वीं में एक और 10वीं में दो विषयों में फेल स्टूडेंट्स सप्लीमेंट्री एग्जाम दे सकते हैं। राज्य ओपन बोर्ड ने एमपी बोर्ड के रिजल्ट आने के साथ ही आवेदन की लिंक खोल दी हैं। स्टूडेंट्स एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से या स्वयं निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।

### 12वीं की परीक्षा 20, 10वीं के 21 मई से परीक्षा

रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत 12वीं की परीक्षा 20 मई से 7 जुलाई तक और 10वीं की परीक्षाएं 21 से 31 मई तक होंगी। इससे पूर्व 10 से 18 मई तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा में पेपर एमपी बोर्ड के कोर्स के अनुसार ही होंगे। विद्यार्थी मई की परीक्षा में भी पास नहीं होते हैं, तो उन्हें दिसंबर में दूसरा मौका दिया जाएगा। रुक जाना नहीं में मई की परीक्षा में जो स्टूडेंट पास हो जाएंगे, वह 11वीं में नियमित प्रवेश ले सकेंगे। जो दिसंबर की परीक्षा में पास होंगे, वे अगली परीक्षा प्राइवेट या ओपन स्कूल बोर्ड से दे सकेंगे। वे नियमित छात्र के रूप में शामिल नहीं हो सकेंगे।



किसी के चेहरे की मुस्कुराहट की वजह ही बनो... खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा।

## संपादकीय

### बच्चों की सीट, बड़ों की टीस

*हवाई यात्रा के दौरान छोटे बच्चों को उनके अभिभावकों के पास ही सीट आवंटित करने के फरमान से बडे वर्ग को राहत मिली है। एविएशन रेग्युलेटर डीजीसीए की ओर से हाल में जारी किया गया ताजा सर्कुलर यात्रियों की सुविधा के लिहाज से खासा अहम है। जिसके मुताबिक अब एयरलाइन कंपनियों के लिए 12 साल से कम उम्र के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावक के पास ही सीट अलॉट करना अनिवार्य हो गया है। यह कदम हवाई यात्रा को आसान, सुविधाजनक और तनावरहित बनाने की दिशा में बेहद उपयोगी होगा। दरअसल कई एयरलाइन कंपनियों की अघोषित नीति के चलते यह मसला सामान्य हवाई यात्रियों की असुविधा की एक बड़ी वजह बना हुआ था। बताया जाता है कि डीजीसीए को इस मामले में यात्रियों की काफी शिकायतें मिल रही थीं। मामला उन यात्रियों से जुड़ा है, जो अतिरिक्त शुल्क के भार से बचने के लिए पहले ही सीट लोकेशन निर्धारित करने का विकल्प नहीं चुनते। आमतौर पर एयरलाइन कंपनियां आखिरी पलों में ऐसी तमाम सीटें अनियोजित ढंग से आवंटित कर देती हैं। इस क्रम में अक्सर छोटी उम्र के बच्चों की सीटें परिवार के अन्य सदस्यों की सीटों से दूर पड़ जाती हैं। लिहाजा यात्रा के दौरान उन बच्चों की सुरक्षा और उनकी जरूरतों का ख्याल रखना परिवार के लिए मुश्किल हो जाता है। गौरतलब है कि यह सिर्फ भारत की बात नहीं, बल्कि एविएशन इंडस्ट्री में दिखने वाला एक वैश्विक ट्रेंड है। अमेरिका में पिछले साल खुद राष्टपति जो बाइडन ने इस समस्या की ओर ध्यान खींचते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा था कि कुछ एयरलाइंस उन पैरेंट्स से अतिरिक्त शुल्क लेती हैं जो उड़ान के दौरान अपने बच्चों के साथ बैठना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कहीं भी ऐसा नहीं होना चाहिए। जाहिर है, इस ट्रेंड के पीछे ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को सीट लोकेशन चार्ज देने के लिए तैयार करने की इच्छा छुपी हुई है। हालांकि एविएशन इंडस्ट्री में एयरलाइन कंपनियों की लागत एक बड़ा मसला है। लेकिन इसका हल इस तरह के चलन में तलाशना कहीं से भी प्रफेशनल नजरिया नहीं कहा जाएगा, जिससे जाने अनजाने यात्रियों के फ्लाइट एक्सपीरिएंस की क्वॉलिटी प्रभावित होती हो। खासकर भारत जैसे देश में यह चलन अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है, जहां सिविल एविएशन सबसे तेजी से फलती-फूलती इंडस्ट्री के रूप में उभर रहा है। आंकड़े बताते हैं कि यह सेक्टर कोविड 19 महामारी के झटके को काफी पीछे छोड़ चुका है। यहां एयर ट्रैफिक मूवमेंट के जो आंकड़े 2022 में 18 करोड़ से कुछ ज्यादा थे, 2023 में वे 32 करोड़ से ऊपर पहुंच गए हैं। माना जा रहा है कि अगर यह ट्रेंड जारी रहा तो भारत साल के आखिर तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन जाएगा। हालांकि देश में सिविल एविएशन की सफल कहानी को आकर्षक बनाने के लिए काफी कुछ करने की जरूरत है। क्योंकि लंबे समय से एयरलाइन कंपनी और सरकार कहती रही हैं कि हवाई यात्रा को आमआदमी की पहुंच वाला बनाया जा रहा है, हालांकि अभी ऐसा पूरी तरह नहीं हो पा रहा है, बकौल राजनेता हवाई चप्पल पहनने वाला वर्ग हवाई जहाज पर सवार होता नहीं दिख रहा है। यह वर्ग अभी भी रेलगाडियों या सार्वजनिकपरिवहन की बसों के भरोसे हैं। यह वह यात्री सुविधायें हैं जो खुद ही अभी तक बेहतर नहीं हो सकी हैं।बहरहाल जहां तक हवाई सुविधा की बात है तो इस मोर्चे पर यात्रियों और एयरलाइंस कंपनियों के बीच स्वस्थ और सद्भावपूर्ण रिश्ता भी जरूररी है, ताकि यात्रियों की फजीहतें न हों।*

# घटता-बढ़ता रहता है मतदान, इसे ट्रेंड न माना जाए

■ अवधेश कुमार



**करीब डेढ़ दशक पहले मतदान घटने का अर्थ सत्तारूढ़ घटक की विजय तथा मतदान बढ़ने का अर्थ पराजय के रूप में लिया जाता था और प्रायः ऐसा देखा भी गया। किंतु 2010 के बाद यह प्रवृत्ति बदली है। मतदान बढ़ने के बावजूद सरकारें वापस सत्ता में आई हैं और मतदान घटने के बावजूद गई भी हैं। इसलिए इस आधार पर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न होने को लेकर कई तरह के आकलन सामने आ रहे हैं। पहले चरण में नौ राज्यों तथा तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान संपन्न हो चुका है। माना जा रहा था कि देश के एक बड़े हिस्से में मतदान संपन्न होने के बाद इसकी प्रवृत्तियों का आकलन करना थोड़ा आसान हो जाएगा। लेकिन मतदान के बाद आम टिप्पणी यही है कि मतदान प्रवृत्तियों का आकलन आसान होने के बजाय कठिन हुआ है। बहरहाल, पहले चरण के मतदान की सबसे बड़ी विशेषता रही कि पश्चिम बंगाल और मणिपुर को छोड़कर कहीं भी हिंसा की घटना नहीं हुई। किसी बड़ी घटना का न होना बताता है कि हमारे देश का चुनाव तंत्र बिल्कुल सहज, सामान्य और सुव्यवस्थित ढंग से काम कर रहा है। इसका अर्थ यह भी है कि हम कम अवधि और कम चरणों में भी लोकसभा चुनाव को पूरा कर सकते हैं। सबसे ज्यादा चर्चा पहले चरण में मतदान प्रतिशत कम होने को लेकर हो रही है और इस बारे में कई तरह के आकलन किए जा रहे हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि सभी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ज्यादा गिरा है। इनमें भी सभी जगह मतदान एक समान भी नहीं रहे। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में ज्यादा मतदान हुए, तो बिहार और उत्तराखंड में अत्यंत कम। इन दोनों राज्यों में भी अलग-अलग क्षेत्र को देखें, तो कहीं ज्यादा, तो कहीं कम मतदान हुआ है।

यह साफ है कि एकाध स्थानों को छोड़कर ज्यादातर जगहों में मतदान प्रतिशत गिरा है। उत्तर प्रदेश में 2019 के मुकाबले लगभग 5.30 प्रतिशत कम मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, यह करीब 68.29 प्रतिशत है। यानी करीब 1.14 फीसदी कम मतदान हुआ है, तो कहा जा सकता है कि मतदान प्रतिशत में ज्यादा गिरावट नहीं है। नगालैंड में मतदान प्रतिशत इसलिए ज्यादा गिरा, क्योंकि वहां के छह जिलों में एक भी वोट नहीं डाला गया। ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स फ्रंट ने अलग राज्य की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। इसे हम मतदान में कमी की प्रवृति नहीं मान सकते।

करीब डेढ़ दशक पहले मतदान घटने का अर्थ सत्तारूढ़ घटक की विजय तथा मतदान बढ़ने का अर्थ पराजय के रूप में लिया जाता था और प्रायः ऐसा देखा भी गया। किंतु 2010 के बाद यह प्रवृत्ति बदली है। मतदान बढ़ने के बावजूद सरकारें वापस सत्ता में आई हैं और मतदान घटने के बावजूद गई भी हैं। इसलिए इस आधार पर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। दूसरे, हर जगह मतदान प्रतिशत ज्यादा गिरा भी नहीं है। तीसरे, बंगाल में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों पक्षों के मतदाताओं में एक-दूसरे को हराने और जिताने के लिए प्रखर प्रतिस्पर्धा है। सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत का घटना सामान्य नहीं है। इस क्षेत्र में जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण होता है। ऐसे में यह आकलन करना कठिन है कि जहां मतदान प्रतिशत गिरा, वहां किस पक्ष या पार्टी के मतदाता नहीं आए। अगर भाजपा विरोधी उसे हराना चाहते थे, तो उन्हें भारी संख्या में निकलना चाहिए। कहा यह भी जा रहा है कि सपा के कोर मतदाता यानी मुसलमान और यादवों का बड़ा समूह आक्रामक होकर मतदान कर रहा था। विरोधी भारी संख्या में निकलेंगे, तो समर्थक भी इसका ध्यान रखेंगे।

हालांकि उम्मीदवारों के चयन, दूसरे दलों से आए लोगों को महत्व मिलने तथा कहीं-कहीं गठबंधन को लेकर भाजपा समर्थकों व कार्यकर्ताओं में थोड़ा असंतोष है तथा एक जाति विशेष ने भी विरोधात्मक रूप अख्तियार किया था। बावजूद इसके यह कहना कठिन होगा कि भाजपा समर्थक मतदाता ही ज्यादा संख्या में मतदान करने नहीं निकले। अभी तक के चुनाव अभियान में जनता की उदासीनता दिखी है। हालांकि विपक्ष के प्रचार के विपरीत प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार को लेकर आम जनता में व्यापक आक्रोश नहीं दिखा है। कल्याण कार्यक्रमों के लाभार्थी तथा विकास नीति की प्रशंसा करने वाले हर जगह दिखाई देते हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से लेकर समान नागरिक संहिता एवं नागरिकता संशोधन कानून आदि पर विपक्ष के रवैये ने भाजपा समर्थकों में प्रतिक्रिया भी पैदा की है। असंतुष्ट लोगों में भी यह भाव है कि अगर यह सरकार हार गई, तो कहा जाएगा कि हिंदुत्व विचारधारा की हार हो गई है। जिस जाति के विद्रोह की चर्चा हो रही है, वे भी भाजपा के प्रति सहानुभूति रखते हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि इन्होंने भाजपा के विरोध में मतदान किया होगा।

– साभार

## निशाना

### रहे वो निकल !



– कृष्णेन्द्र राय

छोड़ अपनी पार्टी ।  
रहे वो निकल ।।  
राजनीतिक हलकों में ।  
मची है हलचल ।।  
थाम लिया दामन ।  
बहती अलग बयार ।।  
बाकी लगता है अभी ।  
अगला चमत्कार ।।  
सबका अपना दांव है ।  
और व्यक्तिगत मत ।।  
अंदरखाने सबको ।  
मिल रहे हैं ख़त ।।  
होना अभी अजूबा ।  
करना होगा इंतज़ार ।।  
जो थे धुर विरोधी ।  
बन बैठे अब यार ।।

## आज का इतिहास

- 1915 प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी की सेना ने जहरीली गैस क्लोरीन का इस्तेमाल किया।
- 1930 फ्रांस, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड स्टेट्स ने लंदन नेवल ट्रीटी में पनडुब्बी युद्ध को नियंत्रित करने और सैन्य जहाज निर्माण को नियंत्रित किया।
- 1931 मिस्र और इराक के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- 1945 स्वतंत्र राज्य क्रोएशिया में जैसेंकोव एकाग्रता शिविर के लगभग 600 कैदियों ने विद्रोह किया, लेकिन केवल 80 भागने में सफल रहे जबकि अन्य 520 को क्रोएशियाई उस्ताई शासन द्वारा मार दिया गया।
- 1948 अनिवार्य फिलिस्तीन में यहूदी युद्ध-यहूदी अर्धसैनिक समूह हागानह ने अरब मुक्ति सेना से हाइफा पर कब्जा कर लिया।
- 1951 कोरियाई युद्ध-चीन की पीपुल्स वालंटियर आर्मी ने मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सेना द्वारा कब्जा किए गए पदों पर हमला किया, किपयोंग की लड़ाई शुरू हुई।
- 1954 तत्कालीन सोवियत रूस यूनेस्को में शामिल हुआ।
- 1954 यूनेस्को यूएसएसआर द्वारा शामिल किया गया था।
- 1967 यूएसएसआर में मार्शल लॉ लागू किया गया था।
- 1969 प्रथम मानव नेत्र प्रत्यारोपित किया गया।
- 1969 ब्रिटिश यॉट्समैन सर रॉबिन नॉक्स-जॉन्स्टन ने दुनिया का पहला सोलो नॉन-स्टॉप सर्क्युमिनेशनऑफ पूरा करने के लिए संडे टाइम्सगोल्डन ग्लोब रेस जीती।
- 1970 प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 1 पृथ्वी दिवस आयोजित किया गया था।

# रीसाइक्लिंग को लेकर जागरूकता से ही समाधान

■ ज्ञानेन्द्र रावत

***भारत में सबसे बड़े महानगर मुंबई और दिल्ली में खुले में कचरा फेंका जाता है। खुले में फेंके कचरे में भारी मात्रा में निकल, जिंक, आर्सेनिक, कांच, क्रोमियम और दूसरी जहरीली धातुएं होती हैं। देश में सालाना जितनी जहरीली मिथेन उत्सर्जित होती है, उसमें से 20 फीसदी सिर्फ इन कचरे के ढेरों से निकलती हैं। वैसे आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी, तब ज्यादा तेज विकास के साथ कई गुणा कचरा बढ़ेगा...***

दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थित कचरे के पहाड़ पर लगी आग फिलहाल बुझा दी गयी है। लेकिन अभी भी 40-50 छोटी-मोटी जगहों पर आग की लपटें बची हुई हैं। इसके धुएं से आसपास के हसनपुर, गाजीपुर, खोड़ा, चिल्ला गांव और मयूर विहार जैसे इलाकों में रहने वाले लोग आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। वहीं इस कचरे की दुर्गंध तो बरसों से उनकी नियति बन चुकी है। जो लोग दिल के मरीज हैं, परेशानी के चलते घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां चले गये हैं। आजकल चुनावी माहौल में राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की मार सह रही है वहीं कूड़े के पहाड़ का मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच कार्य में जुटी हैं। वहीं लैंडफिल साइट के प्रबंधन को लेकर दिल्ली नगर निगम की नीति पर लोगों ने सवाल जरूर खड़े किये हैं। उनका कहना है कि कचरे के पहाड़ पर आग हर महीने लगती रहती है लेकिन इसको नियंत्रित करने के कोई भी पुख्ता कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। हालांकि बीस सालों से कूड़े का पहाड़ खत्म करने के दावे किये जा रहे हैं लेकिन मसला जस का तस है। खमियाजा यहां रहने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है। इसका खातमा न हो पाने के पीछे कचरे का धीमी गति से उठान है।कूड़े के पहाड़ के मामले में अभी तक दिल्ली और मुंबई महानगर सबसे ज्यादा चर्चित थे लेकिन अब गुरुग्राम ने भी इस सूची में नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2300 टन कचरा पहुंच रहा है जहां तकरीबन 16 लाख टन कूड़ा पड़ा है। बीते 24 दिनों में यहां 13 बार आग लगने की घटनाएं हुईं। गत 23 अप्रैल की सुबह जो आग लगी उसके कई किलोमीटर तक फैले धुएं के चलते लोग आंखों में जलन से परेशान थे। लैंडफिल साइट के आसपास लोगों का रहना मुश्किल होता जा रहा है। यहां रहने वाले लोग बरसों से दिल, सांस, गले में खराश, दिमाग में सूजन आदि रोगों से परेशान हैं। खासतौर पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, हृदय और सांस के रोगियों के लिए यह स्थिति जानलेवा है। कचरे के पहाड़ पर लगी आग से वातावरण में घुल रहे धुएं पर उपराज्यपाल, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और सुप्रीम कोर्ट तक ने संज्ञान लिया। निगमायुक्त, प्रमुख सचिव व दिल्ली सरकार से जबाव मांगा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत अपनी टिप्पणी में कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राजधानी में प्रतिदिन निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का कानून के तहत उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। खंडपीठ ने इसे स्तब्ध करने वाली बात कहा है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को लागू हुए आठ साल हो गये हैं लेकिन दिल्ली में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है।



यदि पूरे देश के हालात का जायजा लें तो देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है। इसमें से केवल 70 फीसदी ही इकट्ठा किया जाता है। बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। इकट्ठा किये कचरे में से आधा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या उसे जमीन में दबा दिया जाता है। देश में निकलने वाला कचरा इंडस्ट्रियल और म्युनिसिपल दो तरह का होता है। इंडस्ट्रियल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी उद्योगों और म्युनिसिपल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। देश में कुल कचरे में से सिर्फ 5वें हिस्से की रिसाइकिलिंग हो पाती है। जिस तरह कचरे की रिसाइकिलिंग होती है उससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। भारत में सबसे बड़े महानगर मुंबई और दिल्ली में खुले में कचरा फेंका जाता है। खुले में फेंके कचरे में भारी मात्रा में निकल, जिंक, आर्सेनिक, कांच, क्रोमियम और दूसरी जहरीली धातुएं होती हैं। देश में सालाना जितनी जहरीली मिथेन उत्सर्जित होती है, उसमें से 20 फीसदी सिर्फ इन कचरे के ढेरों से निकलती हैं। वैसे आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी, तब ज्यादा तेज विकास के साथ कई गुणा कचरा बढ़ेगा। लेकिन सवाल है क्या हम उस स्थिति के लिए तैयार हैं। यदि अहमदाबाद, सूरत, नवी मुंबई, मैसूर और इंदौर की ही बात करें तो इन्होंने कचरा-संग्रह और उसके निपटान व स्वच्छता में एक विशिष्ट पहचान बनायी है। लेकिन क्या हमने इससे कुछ सीख ली है। ऐसी स्थिति में दिल्ली ही क्या, देश के हर शहर-कस्बे में कचरे के पहाड़ तेजी से बनेंगे। वे सुलगेंगे और लोगों की अनचाही मौत के कारण बनेंगे। उस दशा में आईपीसीसी की रिपोर्ट सही साबित हो जायेगी कि अगर यही रफ्तार रही तो 2050 में 3.4 गीगाटन कूड़ा-कचरा होगा जिसका निस्तारण हमारे सामर्थ्य से बाहर होगा। असल में, कचरा प्रबंधन के मामले में हम दूसरे देशों के मुकाबले बहुत पीछे हैं। वह चाहे इंडस्ट्रियल कचरा हो या म्युनिसिपल। ऐसी स्थिति में तो और विषम हालात हो जायेंगे जबकि वर्ल्ड बैंक के अनुसार 2030 में भारत में हर साल निकलने वाला कूड़ा-कचरा 388 अरब किलो हो जायेगा। इसलिए जरूरी है कि लोगों को घरों में ही अलग-अलग डस्टबिन में कूड़ा-कचरा रखने के बारे में जागरूक किया जाये जिससे रिसाइकिलिंग में आसानी हो सके।

– साभार

## अफसरों के लिखित आश्वासन के बाद मतदान



**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा ग्राम खाल में जैसे ही चुनाव बहिष्कार की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को लगी तो प्रधानमंत्री सड़क योजना के जिले से आए महाप्रबंधक ने ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया कि 15 दिन में आपकी सड़क बनवा दी जाएगी उसके बाद ग्रामीणों ने मतदान करने पहुंचे। ग्राम खल में कुल मतदाता 679 है जिनमे पुरुष 353,महिला मतदाता 326 लेकिन सुबह 10: 00 बजे तक 2 शासकीय कर्मचारियों ने ही अपना मतदान किया।



**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत सोमलवाडा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेड़ी में दुल्हा राहुल गौर एवं अन्य बरातियों ने बारात में जाने के पूर्व मतदान किया।

# काजल ने पहले वोट डाला फिर सात फेरे के लिए इटारसी हुई रवाना



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा नगर और उसके आसपास क्षेत्र में पोलिंग बूथ पर भीड़भाड़ सुबह से ही काम रही लेकिन जागरूक नागरिक कौन है सबसे पहले मतदान करने पहुंचे इसी के चलते दुल्हन बनी काजल गौर पिता अरुण गोर वार्ड नंबर 9 का विवाह इटारसी से संपन्न होना है दुल्हन ने तय किया कि हम अपने इटारसी में होने वाले पूरे कार्यक्रम 3 घंटे लेट करेंगे पहले मतदान करेंगे और दुल्हन काजल गोर मतदान केंद्र क्रमांक 89 पर अपनी मम्मी पापा चाचा और चाची और रिश्तेदारों के साथ वोट डाल कर इटारसी रवाना हुई। जैसा ही दुल्हन काजल पोलिंग सेंटर पर पहुंची वैसे ही बीएलओ कमलेश दुबे,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना गौर रेनू संध्या ने द्वार पर ही दुल्हन का फूल और गुलदस्ते देकर वेलकम किया और मतदान केंद्र तक ले जाकर दुल्हन और उनके परिजनों से मतदान कराया।

### नर्मदापुरम सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

# अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग की धरपकड़ जारी, शराब व लहान जप्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष में जिले में शुष्क दिवस प्रभावशील होने से कलेक्टर जिला नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देश व जिला आबकरी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध शराब के निर्माण , विक्रय, धारण, परिवहन के विरुद्ध आबकारी उड़नदस्ता द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत जिले कार्यवाही की गई। आबकारी उड़नदस्ता पिपरिया ने दिनांक 25/04/2024 को वृत्त पिपरिया मे आबकारी दल द्वारा कुचवांदिया मोहल्ला एवं ग्राम सिमरा, रिछेड़ा, सामनापुर आदि के संदिग्ध स्थलों पर छापामार कार्यवाही कर 65 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 550 किलो ग्राम महुआ लाहान जप्त कर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1(क) के तहत 06 प्रकरण पंजीबद्ध किए गये। जप्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत 68000/- है। आज की कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक सुयश फौजदार आरक्षक कैलाश अखंड, योगेश महोबिया का सराहनीय योगदान रहा। वहीं आबकारी उड़नदस्ता टीम ने भी दिनांक 24/4/24 की देर रात्रि व 25/04/24 को निर्वाचन के पूर्व विगत 24 घण्टे में आबकारी उड़नदस्ता इटारसी के द्वारा मदिरा के अबैध विक्रय , परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिसमे गरीबी लाइन क्षेत्र में दविश देकर आरोपी से 150 पावदेशी मदिरा प्लैन , 80 पाव विदेशी व्हिस्की कुल 41.4 बल्क लीटर मदिरा एवम नाला मोहल्ला तथा बालाजी मंदिर क्षेत्र इटारसी से 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवम 1650 किलोग्राम लहान जप्त किया गया ।



आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 03 प्रकरण कायम किया गये। जप्त मदिरा एवम वाहन की अनुमानित कीमत 1,97,600 /- है।कार्रवाई में आबकारी उडनदस्ता से आबकारी उपनिरीक्षक के के पडरिया , नीलेश पवार आबकारी आरक्षक मदन रघुवंशी , धर्मेंद्र बारंगे, राजेश गौर,दुर्गेश पठारिया का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी उड़नदस्ता टीम नर्मदापुरम ने दिनांक 25.4.2024 को नर्मदा पुरम शहर के विभिन्न भागों में अवैध मदिरा परिवहन संग्रहण , निर्माण , विक्रय के खिलाफ तलाशी एवं दबिश कार्रवाई करने पर रसूलिया रेलवे फाटक के पास एक आरोपी सुनीता पति राहुल से 12 पाव देसी प्लेन शराब जप्त की । इसके साथ पंजाबी ढाबा हरदा बाईपास रोड से 10 पाव देशी मादिरा प्लेन शराब बरामद किया गया एवं बंगाली कॉलोनी सिकलीकर मोहल्ले से आरोपिया मान कौर पति तेग सिंह से 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत देने हेतु कहा गया। इसके साथ-साथ शहर नर्मदापुरम के अनेक स्थानों में तलाशी की कार्रवाई की गई। की गई कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक नर्मदापुरम वासुदेवाचार्य त्रिपाठी , प्रधान आरक्षक नर्मदा रामदत्त शर्मा, रघुवर प्रसाद निमोदा, आबकारी आरक्षक नर्मदा प्रसाद मेहरा, विकास लोखंडे का विशेष योगदान रहा। आबकारी उड़न दस्ता टीम सिवनी मालवा ने दिनांक 25/4/24 आबकारी टीम द्वारा सिवनीमालवा के कुचबंदिया मोहल्ले में सूचना के आधार पर आबकारी उडनदस्ता टीम द्वारा दबिश की कार्यवाही की गई। जिसमे 500 किलो महुआ लहान अनुयोगी किया। मध्यप्रदेश प्रदेश आबकारी अधिनियम की 1915 की धारा 34 (1) के तहत 2 अज्ञात अरोपियो के विरुद्ध प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री की अनुमति कीमत 50,000 रुपए/- है।

कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक हेमन्त चौकसे, आबकारी आबकारी उपनिरीक्षक, आरक्षक गोपाल रघुवंशी, मनोज रघुबंशी आबकारी आरक्षक आदि शामिल रहे। लोकसभा निर्वाचन मद्देनजर एवं जिले में शुष्क दिवस प्रभावशील होने से आबकारी उड़नदस्ता टीमों द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

# मतदान समाप्ति के बाद मतदान सामग्री एवं अभिलेख स्ट्रांग रूम में किया जाएगा बंद





**नर्मदापुरम दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 26 अप्रैल 2024 को मतदान समाप्ति के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभा 136 सिवनी मालवा, 137 होशंगाबाद, 138 सोहागपुर, 139 पिपरिया कि मतदान सामग्री पोल्ड ईवीएम एवं अभिलेखों को स्ट्रांग रूम में जमा कर बंद किया जाएगा। इसी प्रकार नरसिंहपुर की तीनों विधानसभा 119 नरसिंहपुर, 120 गाडरवारा, 121 तेंदूखेड़ा एवं रायसेन जिले की एक विधानसभा 140 उदयपुरा में भी मतदान सामग्री पोल्ड ईवीएम एवं अभिलेख को स्ट्रांग रूम में रखकर बंद किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्ताशय में जानकारी देते हुए निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वह स्वयं या उनके निर्वाचन अभिकर्ता अथवा उनके द्वारा नियुक्त अधिकृत प्रतिनिधि उपरोक्त प्रक्रिया में मतदान सामग्री जमा स?थल पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

### 27 अप्रैल को मतदान समाप्ति के बाद मतदान सामग्री की की जाएगी संवीक्षा

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल 2024 को द्वितीय चरण में लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र होशंगाबाद में मतदान उपरांत रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक तथा अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ता या उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 27 अप्रैल 2024 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम में प्रात~ 11~00 बजे से मतदान सामग्री की संवीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला नर्मदापुरम ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वह स्वयं या उनके निर्वाचन अभिकर्ता या उनके द्वारा नियुक्त अधिकृत प्रतिनिधि उपरोक्त संवीक्षा प्रक्रिया में उपस्थित रहने का कष्ट करें।

## वोट देकर आएं, उंगली पर निशान बताएं और पाएं 20 प्रतिशत की छूट

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन तरह-तरह के जतन कर रहा है, इसमें हर वर्ग का सहयोग लिया जा रहा है। इटारसी एसडीएम टी प्रतीक राव ने पुन~होटल, रेस्टोरेंट व्यावसायियों की बैठक लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने कुछ विशेष करने को कहा। रेस्टॉरेंट, होटल संचालकों ने तय किया है कि जो भी परिवार वोट डालकर अपनी उंगली पर लगी स्याही दिखाएगा, उसको बिल में 20 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। आज होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसायियों की बैठक में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत वोट पड़ें उसके लिए मतदान के समय सभी अपनी दुकान के सामान को जो वोट डालकर आएगा, स्याही वाला निशान बतायेगा उसको बिल पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बैठक में फूड सेफ्टी अधिकारी कमलेश दिवाकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा, नीलम रेस्टोरेंट, किशोर रेस्टोरेंट, श्याम स्वीट, गणेश स्वीट, अग्रवाल स्वीट, गोपी स्वीट्स, वैभव स्वीट्स, सहित अन्य रेस्टॉरेंट, होटल संचालक उपस्थित रहे।

# एसडीएम कार्यालय में पसरा सन्नाटा कार्य कराने आए लोग परेशान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गत दिवस न्यायालय के निर्देश के बाद एसडीएम कार्यालय के फर्नीचर कंप्यूटर आदि की कुर्की के बाद अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय में सन्नाटा परसा हुआ है। गति दिवस तक तो कुछ पक्षकार दिखाई दिए परंतु आज नगर तथा



ग्रामीण क्षेत्रों में यह खबर फैल गई की एसडीएम कार्यालय इन दोनों बंद है तो आज यहां पर कोई पक्षकार भी नहीं दिखाई दिया। अपितु तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी अपनी कुर्सी पर बैठे मोबाइल में व्यस्त नजर आए। एसडीएम कार्यालय की बाबुओं का कोई ऐसा पता नहीं था। अनुभाग सिरोंज का मुखिया एसडीएम होने के बाद अचानक उनका इस तरह से कार्यालय से कार्यालय में न मिलना चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां जनता के सामान्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं वहीं सामान्य जनता को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।मामले को लेकर हमने जिला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैध से बात की तो उन्होंने बताया कि हम शीघ्र व्यवस्था बनाते हैं।

**मेट्रो एंकर**

### लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत उदयपुरा विधानसभा

# क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की सीसीटीवी कैमरों से लाईव वेबकास्टिंग



**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत द्वितीय चरण में होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू रूप से सम्पन्न कराई जाएगी। उदयपुरा विधानसभा के क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाने वाली लाईव वेबकास्टिंग की निगरानी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे के निर्देशन में जिला स्तर पर वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थापित इस वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम में मॉनीटरिंग हेतु दो पालियों में प्रातः 05 बजे से मतदान समाप्ति तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह मॉनीटरिंग दल क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर होने पर प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेंगे तथा जिला निर्वाचन अधिकारी को स्थिति से अवगत कराएंगे। इस वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी श्री रवि चंदेल जिला प्रबंधक लोकसेवा रायसेन को बनाया गया है।

## व्यय प्रेक्षक ने मीडिया मॉनीटरिंग सेल का किया निरीक्षण

**रायसेन।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री मेहुल भारत जैन ने जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति अंतर्गत कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित मीडिया मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी अधिकारी तथा ड्यूटीरत कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया में विज्ञापन और पेड न्यूज



पर कड़ी निगरानी रखी जाए। व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने निर्वाचन अभ्यर्थियों के सोशल मीडिया एकाउण्ट्स की भी सतत् मॉनीटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया एकाउण्ट्स पर अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन प्रसारित कराने पर व्यय लेखा टीम को अवगत कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। व्यय प्रेक्षक श्री जैन को एमसीएमसी नोडल अधिकारी ने अवगत कराया कि मीडिया मॉनीटरिंग सेल लगातार चौबीस घण्टे क्रियान्वित हैं और प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर पेड न्यूज मॉनीटरिंग की सतत् मॉनीटरिंग की जा रही है।



## विश्व मलेरिया दिवस मनाया, दी जानकारी




**सिरोंज।** विशव मलेरिया दिवस मनाया गया इस अवसर पर मलेरिया निरक्षक मोहसिन खांन ने मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया जैसे बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है उस बारे मे जानकारी दी इस दौरान चंद्रेश जाट जेडी शाक्य आनंदी साहू ऋतिक पंथी फारूक आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व सीएम शिवराजसिंह चौहान का चुनावी दौरा



**सिरोंज।** गंजबासोदा, ग्यारसपुर विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा लेकर आए लोकसभा के प्रत्याशी शिवराजसिंह चौहान का स्थानीय नागरिको और कार्यकर्ताओं ने अनेकों स्थानो पर जबरदस्त उत्साह और उमंग से स्वागत किया गया।

## परसौरा सोसायटी से किसानों को भुगतान कराने के लिए जिपं सदस्य ने दिया ज्ञापन, 30 अप्रैल से पहले मांगी राशि

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
फसल विक्रय करने के बाद भी किसानों को एक महीना बीतने वाला है, इनके खातों में अभी तक राशि नहीं डाली जिसके चलते कई किसान डिफाल्टर होने की डर सता रहा है।



जिला सहकारी बैंक में केसीसी की राशि जमा करने का अंतिम तिथि 30 अप्रैल होने से किसानों की चिंताएं बढ़ाना लाजमी है। किसाने की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी ने एसडीम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए शीघ्र ही किसानों को परसोरा पैक्स समिति से भुगतान करवाने की मांग करते हुए कहा कि सी.सी.बी. बैंक परसौरा सोसायटी ने अहीरखेड़ी स्थित वेयरहाउस पर किसानों द्वारा फसल तुलवाई थी गई थी फसल बेचने के बाद भी कृषकों को भुगतान नहीं होने से वहां परेशान है किसानों द्वारा फसल की तुलाई कराए हुए 25 दिन बीत चुके हैं।. सरकार द्वारा किसानों की फसल तुलाई के 7 दिवस के अंदर भुगतान करने का नियम है. किसानों द्वारा सी.सी.वी. बैंक के क्रेडिट कार्ड जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है एवं कई किसानों के घरों में विवाह के अलावा साहूकारों का कर्ज भी चुकाना है अन्य काम भी करना है । किसाने की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए जल्दी से जल्दी परसौर पैक्स समिति से किसानों को फसल की राशि दिलवाई जाए।. भुगतान में विलम्ब होने के कारण कई किसान ओवरड्यू हो सकते हैं। उनके खातों में लेट भुगतान आया तो अतिरिक्त ब्याज किसानों के ऊपर लग जाएगा साथ ही तीन दिवस में किसानों की राशि का भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी. गई इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी लक्ष्मण रघुवंशी आदि भी मौजूद थे।

## सामान्य प्रेक्षक अंजलि ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन क्षेत्र सागर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती अंजलि शेरावत सिरोंज पहुंची यहां पर उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमेश तिवारी तहसीलदार संजय चौरसिया के साथ बनाए गए मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया। जानकारी देते हुए अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने बताया कि सामान्य प्रेक्षक श्रीमती अंजलि शेरावत मतदान केंद्रों के निरीक्षण के लिए आई थी उन्होंने लगभग 12 मतदान केदो का भ्रमण किया है। मतदान केंद्रों के भ्रमण के दौरान लाइट पानी छाया आदि की व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं जो भी कमियां थी उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है जो भी व्यवस्था में कमियां है उनका पूरा करने के निर्देश मिले हैं।

### संस्कार ग्रीन वैली स्कूल ने करोड़ों की सरकारी जमीन पर किया अतिक्रमण , अशोक जैन ने दिया आवेदन

# 16 अप्रैल को दिया नोटिस, अभी तक नहीं मिला जवाब जल्द चलेगा बुलडोजर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
**संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के द्वारा शासन की करोड़ों रुपए की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके बाउंड्री बाल ,स्कूल का प्लेग्राउंड आदि बनाकर कब्जा कर रखा है । पिछले दिनों एसडीएम ने संस्कार के दिन पहले स्कूल का सीमांकन करवाया था इसके बाद अबैध रूप से अतिक्रमण होने पर कार्रवाई करने से पहले तहसीलदार के द्वारा संस्कार ग्रीन वैली स्कूल को नोटिस जारी करके जवाब देने का समय 25 अप्रैल दिया था इस दिन स्कूल की तरफ से वकील उपस्थित पर इनके द्वारा जवाब देने के लिए 29 तारीख का समय लिया है। इसके बाद अवैध रूप से हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद पक्के अतिक्रमण को तोड़ा जाएगा साथ ही जुर्माना भी संस्कार कितनी वैली स्कूल पर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अधिकरण करने को लेकर किया जाएगा।**

### कार्रवाई के लिए दिया एसडीएम को ज्ञापन

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल एवं रायल सिटी कालोनी के अवैध कब्जे एवं गलत तरीके से निर्माण को लेकर शहर के समाज सेवी अशोक जैन खर्च ने एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। जिसमें उन्होंने बताया कि ग्रीन वैली स्कूल एवं रॉयल सिटी कॉलोनी अवैध है। जिसके सर्वे नं. 251 में शासकीय नहर के स्वामिस्व की भूमि का बड़ा हिस्सा है साथ ही शासकीय भूमि भी लगी हुई है । रायल सिटी कालोनी एवं संस्कार ग्रीन वैली स्कूल मालिकों द्वारा शासकीय नहर भूमि एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर पक्के निर्माण कर लिये हैं। जहाँ पर कैथन डैम बना है जो कि जल संसाधन उप संभाग सिरोंज के अन्तर्गत आता है कैथन डैम के बीच में सड़क के सामने रायल सिटी एवं संस्कार ग्रीन बैली स्कूल है जो कि भूमि सर्वे नं. 251 में बने है। यह शासकीय नहर के स्वामित्व की भूमि का बड़ा हिस्सा है साथ ही शासकीय भूमि भी लगी हुई है दोनों भूमियों पर रायल सिटी मालिक एवं संस्कार ग्रीन वैली स्कूल मालिकों ने अतिक्रमण कर पक्के निर्माण कर लिये है। उन्होंने मांग की है कि सर्वे नं. 251 का सीमांकन करा कर शासकीय नहर भूमि एवं शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। वहीं उन्होंने ज्ञापन में जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान में एसडीएम द्वारा लगातार अवैध अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की जा रही है जो प्रशंसनीय है। जिस तरीके से विगत दिनों पूर्व एसडीएम हर्षल चौधरी ने संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के सामने सीमांकन कराकर हजारों स्क्वायर फीट भूमि सरकारी होना बताई थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। उन्होंने जल्द से जल्द रसूखदार इन भूमाफिओं पर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### तहसीलदार ने दिया था नोटिस, अभी तक नहीं मिला उचित जवाब -

16 अप्रैल को सीमांकन प्रक्रिया के बाद तहसीलदार संजय चौरसिया ने संस्कार ग्रीन वैली स्कूल संचालक को शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर पत्र जारी कर जवाब मांगा था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि शासकीय भूमि पर आपके द्वारा अतिक्रमण का अवैध कब्जा कर लिया है। जो मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 (1) के अन्तर्गत दण्डनीय है। म.प्र. भू-राजस्व संहिता संशोधन अधिनियम 2011 के तहत क्यों न आपके ऊपर अतिक्रमित शासकीय संपति के बाजार मूल्य का 20 प्रतिशत तक जुर्माना तथा बेदखली की कार्रवाई कर प्रतिदिन 500 रूपये के मान से अर्थदण्ड लगाया जाए। वहीं गुरुवार को स्कूल संचालक द्वारा उचित जवाब नहीं मिलने की स्थिति में तहसीलदार ने 29 तारीख तक का समय दिया है। वही तहसीलदार संजय चौरसिया ने बताया उक्त स्कूल संचालक ने तीन चार दिन का समय मांगा है यदि 29 तारीख तक उचित जवाब नहीं आता है तो वैधानिक कार्रवाई करते हुए उक्त अतिक्रमण को हटाया जाएगा एवं जुर्माने की कार्रवाई होगी।

### इनका कहना है -

*जिस तरह प्रशासन नियम अनुसार शहर में अवैध अतिक्रमण करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है उसी तरह संस्कार ग्रीन वैली स्कूल एवं रॉयल सिटी कॉलोनाइजर पर कार्रवाई करनी चाहिए।*

**अशोक जैन** *खर्चा समाजसेवी*

*संस्कार ग्रीन वैली स्कूल संचालक की तरफ से अधिवक्ता गुरुवार को उपस्थित हुए थे, समय मांगा गया था। यदि 29 अप्रैल तक उचित जवाब या दस्तावेज नहीं आते हैं तो वैधानिक कार्रवाई होगी।*

**संजय चौरसिया,** *तहसीलदार सिरोंज*

**मेट्रो एंकर**

### भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की होड़ मची: पूर्व मंत्री

# भाजपा ने लाडली बहनों और किसानों से झूठ बोला है: कांग्रेस प्रत्याशी का आरोप

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
सागर लोक सभा प्रत्याशी चंद्रभूषण गुड्डू राजा गुरुवार को हेलीकॉप्टर से ग्राम पंचायत मुगलसराय पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुड्डू राजा का पुष्पभार कर भव्य स्वागत कर विजय संकल्प का शंखनाद किया । कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की भाजपा झूठ बोलने का काम करती है उन्होंने कहा था लाडली बहनों को हर महीने तीन हजार रुपए देंगे क्या किसी लाडली बहन को मिला अभी तक यही नहीं भाजपा ने किसानों के साथ भी झूठ बोलकर बहुत बड़ा छल किया है एमएसपी के आधार पर गेहूं का मूल 2700 देने का वादा किया था किसानों को दिया वादा पूरा नहीं किया । भाजपा केवल और केवल झूठ बोलने की राजनीति करती है उन्होंने लाडली बहनो को संबोधित करते हुए कहा कि हम आज आपसे वादा करते हैं हमारी सरकार आते ही महिलाओं को लाडली बहनाओं को एक लाख रूपये साल का देंगे कांग्रेस ने जो भी वादा किया है वह पूरा किया है। भाजपा झूठ बोलती है यह झूठ की राजनीति करना जानते हैं उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहां की संसद का चुनाव गुड्डू राजा नहीं लड़ रहा है यह चुनाव क्षेत्र का हर एक गरीब मजदूर परिवार का बेटा मेरी लाडली बहना अपने अधिकार के लिए वोट करेंगी मैं जिस जगह जा रहा हूं वहां लोग उत्साह के साथ बोल रहे हैं ।यह भाजपाइया झूठ बोलते हैं झूठ की राजनीति करते हैं लोगों को डराने धमकाने की राजनीति करते हैं । मैं वादा करता हूं किसी से डरने की जरूरत नहीं है आपका अपना बेटा चंद्रभूषण गुड्डू आपके साथ खड़ा है कांग्रेस का हर एक सच्चा सिपाही आपके साथ खड़ा है इन झूठे और दलालों से डरने की कोई जरूरत नहीं है ।



### भाजपा का हर नेता भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है पूर्वः मंत्री सुरेंद्र चौधरी

कांग्रेस के पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की क्षेत्र की भूली भाली जनता को भाजपा ने ठगने का काम किया है ।यह विकास की बात करते हैं इन्होंने खुद का और अपने नेताओं का विकास किया है जनता परेशान है क्षेत्र की भोली भाली जनता आज पानी और राशन के लिए परेशान है। कोरोना काल में करोड़ों रुपए का राशन खा गए यह भाजपा के माफिया कांग्रेस की सरकार बनते ही हम एक-एक रुपए का हिसाब लेंगे इन माफियाओं से गरीब का हक दिलाने का हम वादा करते हैं । मनरेगा की मजदूरी बढ़ाने का हम वादा करते हैं यह लोग मशीनों से काम कराते हैं मेरी आपसे यही अपील है आने वाली 7 तारीख को हाथ के पंजे का बटन चंद्रभूषण गुड्डू राजा को संसद में भेजना है। जिससे मुगलसराय और हमारे क्षेत्र के हर एक आवाज हम संसद तक आसानी से पहुंचा सके कार्यक्रम का संचालन किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने किया इस दौरान कांग्रेस नेता गगनेंद्र रघुवंशी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी व अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्काउट सचिव भी हुए शामिल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**
लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी की जा रहे इसी क्रम में गुरुवार को उत्कृष्ट विद्यालय तथा सीएम राइज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जिला स्काउट गाइड के सचिव हरिहर चतुर्वेदी, जिला कार्डिनेटर श्रीमती अनीता सोनवाने एवं ब्लाक कार्डिनेटर श्रीमती ज्योति यादव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सोनी, प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार की उपस्थिति में स्वीप गतिविधि में रंगोली पोस्टर मैंकिंग एवं मानव श्रृंखला बनवाई गई जिले से आए स्काउट गाइड सचिव हरिहर चतुर्वेदी ने छात्र एवं सभी शिक्षक साथियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इसी कार्यक्रम में जिले से आए अतिथियों द्वारा, राज्य स्तरीय मैरिट में वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान कु. मुस्कान दांगी एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त सोनम शर्मा द्वितीय स्थान परयुल जैन तृतीय स्थान प्राप्त छात्रोंको सील्ड एवं प्रमाणपत्र वितरित किये साथ ही नवीन सुरक्षा गार्ड कक्ष का लोकार्पण किया गया। शिक्षक संजीव माथुर ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या शिक्षक गण विद्यार्थी मौजूद थे।



### आईपीएल: आज केकेआर और आरसीबी के बीच मुकाबला

# आरसीबी प्लेऑफ की रेस में कायम केकेआर के पास लीड बनाने का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी**

विराट कोहली और रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारियों के सहारे आरसीबी ने सीजन के 41वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हराया। हालांकि, इस मुकाबले के बाद पॉइंट्स टेबल की पोजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस जीत से आरसीबी ने पंजाब किंग्स के बराबर 4 पॉइंट्स हासिल कर लिए हैं। पंजाब के 8 मैच में 2 जीत के साथ 4 पॉइंट्स हैं। हालांकि, खराब रन रेट के कारण आरसीबी टेबल में आखिरी पायदान पर बना हुआ है। दूसरी ओर एसआरएस 10 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर ही है। यहां से एसआरएच और आरसीबी के लिए प्लेऑफ की पॉसिबलिटी बनी हुई है। आईपीएम में आज केकेआर और आरसीबी के बीच मुकाबला खेला जाना है। पॉइंट्स टेबल में केकेआर पहले ही बेहतर रन रेट के साथ 10 पॉइंट्स हासिल करके दूसरे स्थान पर है। टीम आज जीती तो 8 मुकाबलों में 12 पॉइंट्स के साथ लीड बना लेगी। 8 मुकाबले के बाद एसआरएच और एलएसजी के पास 10 पॉइंट्स ही हैं। ऐसे में जीत के साथ केकेआर प्लेऑफ की रेस में आगे हो जाएगा।



#### मैच से टेबल में बदलाव नहीं

गुरुवार को हुए मुकाबले के बाद एसआरएच और आरसीबी अपने स्थानों पर ही बने हुए हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन ही बना सकी। हैदराबाद ने दूसरे स्थान पर आने का मौका गंवा दिया। टीम 2 पॉइंट्स हासिल करने के बाद 12 पॉइंट्स के साथ केकेआर के ऊपर दूसरे स्थान पर आ सकती थी। आरसीबी ने करो या मरो मुकाबले में जीत हासिल कर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी जारी रखी है। इसके लिए टीम को आगामी मुकाबले बड़े मार्जिन से जीतने होंगे।

#### पंजाब जीता तो मुंबई से आगे आने का मौका

पंजाब किंग्स के 8 मैचों में 2 जीत के साथ 4 पॉइंट्स हैं। आज पंजाब जीता के 2 पॉइंट्स के साथ कुल 6 पॉइंट्स लेकर 8वें स्थान पर बनी मुंबई की बराबरी कर सकती है। बड़े मार्जिन से जीतने पर टीम 8वां स्थान हासिल कर सकती है। वहीं विराट 51 रन की पारी खेलने के साथ ही 17वें सीजन के टॉप स्कोरर बने हुए हैं। उन्हें गुरुवार के मैच में ऑरेंज कैप के लिए चुनौती देने वाले ट्रैविस हेड 1 ही रन बना सके। आज के मुकाबले में से 13वें नंबर पर च्चक्रके सुनील नरेन कोहली के सबसे पास हैं। उन्हें ऑरेंज कैप के लिए 145 रन बनाने होंगे।

### बतौर ओपनर 4 हजार रन पूरे किए

## विराट 10 सीजन में 400 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज

**नईदिल्ली, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2024 के 41वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हराया। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन ही बना सकी। विराट कोहली (51 रन) और रजत पाटीदार (50 रन) ने फिफ्टी जमाई। विराट 10 आईपीएल सीजन में 400 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। वहीं, रजत ने आईपीएल में आरसीबी के लिए 19 बॉल में सेकेंड फास्टेस्ट फिफ्टी जमाई। विराट कोहली ने इस सीजन 400 रन का आंकड़ा पार कर लिया। वे 10 सीजन में 400 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने। वे पहले सुरेश रैना, डेविड वॉर्नर, शिखर धवन की बराबरी पर थे। तीनों बल्लेबाज 9 ढ्ढक्क सीजन में 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इस सीजन डेविड वॉर्नर और शिखर धवन के पास कोहली की बराबरी करने का मौका है।

#### पाटीदार की आरसीबी के लिए सेकेंड फास्टेस्ट फिफ्टी

रजत पाटीदार ने आरसीबी के लिए सेकेंड फास्टेस्ट फिफ्टी जमाई। उन्होंने रॉबिन उथप्पा के रिकॉर्ड की बराबरी की। उथप्पा ने साल 2010 में पंजाब के खिलाफ 19 बॉल में अर्धशतक जमाया था। इस लिस्ट में टॉप पर क्रिस गेल हैं। गेल ने साल 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 17 बॉल में अर्धशतक पूरा किया था। इसी मुकाबले में गेल ने नाबाद 175 रन की पारी खेल ढ्ढक्क का टॉप प्लेयर स्कोर बनाया था।

#### 4 हजार आईपीएल रन पूरे करने वाले चौथे बेस्टमेन

विराट कोहली ने 51 रन की पारी के साथ आईपीएल में बतौर ओपनर 4 हजार रन पूरे किए। वे ऐसा करने वाले चौथे बल्लेबाज बने। इससे पहले शिखर धवन, डेविड वॉर्नर और क्रिस गेल यह कारनामा कर चुके हैं। शिखर धवन ने ओपनर रहते 202 इनिंग्स में सबसे ज्यादा 6362 रन बनाए हैं। केएल राहुल भी 4000 रन के करीब हैं।

## लाजियो से हारने के बावजूद जुवेंटस कोपा इटालिया के फाइनल में पहुंचा



**रोम, एजेंसी**

अर्कादियुज मिलिक ने विकल्प के रूप में अपने पहले स्पर्श से गोल करके जुवेंटस को कोपा इटालिया फाइनल में पहुंचा दिया। जुवे ने पहले चरण में लाजियो पर अपनी 2-0 की बढ़त को वैलेन्टिन कैस्टेलानोस के डबल से मिटा दिया था। लेकिन पोलैंड के स्ट्राइकर मिलिक ने बेंच से चढ़ने के कुछ ही सेकंड बाद नेट हासिल कर लिया, क्योंकि जुवे को रात में 2-1 से हराया गया था, लेकिन कुल मिलाकर 3-2 से आगे हो गया। अगले महीने फाइनल में जुवे का सामना फियोरेंटीना या अटलंता से होगा। यूनाइटेड के स्टार रासमस होजलुंड ने अल नासर स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो को नजरअंदाज करते हुए अंग्रेजी दिग्गज को अपना ड्रीम पार्टनर बताया मेहमान टीम सबसे पहले आक्रमण पर थी और फिलिप कोस्टिक का अवरुद्ध शॉट एंड्रिया कैम्बियासो के पैरों पर जा लगा, जिसका लो ड्राइव कई इंच चौड़ा उड़ गया। लेकिन यह लाजियो ही था जिसने रात को बढ़त ले ली और 12 मिनट के बाद कुल घाटे को आधा कर दिया। लुइस अल्बर्टो एक कोने में घूम गए और कैस्टेलानोस सुदूर पोस्ट पर एलेक्स सैंड्रो से ऊपर उठ गए और अपने हेडर को मटिया पेरिन के पास दबा दिया। पहले चरण के दो गोलस्कोरर, डुसान व्लाहोविक और फेडेरिको चिएसा, लगभग बराबरी पर आ गए। वन इंडिया चियासा ने व्लाहोविक को नजदीक से गोल करने के लिए उकसाया लेकिन उनके प्रयास को क्रिस्टोस मंडास ने बचा लिया। जुवे के मिडफील्डर मैनुएल लोकाटेली को व्यक्तिगत झटका लगा जब उन्हें निकोलो कैसले पर बेईमानी के लिए बुक किया गया, जिसका मतलब है कि वह फाइनल में नहीं खेल पाएंगे। हाफ टाइम से दो मिनट पहले बराबरी पर आ जाना चाहिए था जब उसने खुद को पेरिन के साथ आमने-सामने पाया। जुवे कीपर तेजी से बाहर आया और बढ़त बनाए रखने के लिए एक अच्छा बचाव करने में सक्षम था। लुइस अल्बर्टो द्वारा खेले जाने के बाद दूसरे हाफ में तीन मिनट में अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने कोई गलती नहीं की।

## अदिति और दीक्षा को मिलेगा पेरिस ओलंपिक का टिकट



**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत की दो महिला गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट मिलेगा। ओलंपिक में एंट्री भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती है। ओलंपिक में जाने के लिए खिलाड़ियों की योग्यता विश्व गोल्फ रैंकिंग के आधार पर की जाती है। इसके तहत पुरुष व महिला वर्ग में शीर्ष 60 रैंकिंग वाले खिलाड़ी ही ओलंपिक के लिए योग्य हैं। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 15 गोल्फरों को ओलंपिक में सीधे प्रवेश मिलता है। प्रत्येक देश से चार गोल्फरों को ही अनुमति है। 26 वर्षीय अदिति अशोक सर्वाधिक तीसरी बार ओलंपिक खेलों में प्रतिनिधित्व करने के लिए उतरेगी। 2020 टोक्यो ओलंपिक में वह पदक से चूक गई थी और चौथे स्थान पर रही थीं। वहीं, दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में चुनौती पेश करने के लिए उतरेगी।

## सौ सप्ताह शीर्ष पर, स्विटेक ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी



**मैड्रिक, एजेंसी**

स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्विटेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 100 सप्ताह तक नंबर-1 पायदान पर रहने वाली पोलैंड की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। स्विटेक अप्रेल 2022 में पहली बार शीर्ष पर काबिज हुई थीं। वह 4 अप्रेल 2022 से 10 सितंबर 2023 बीच 75 सप्ताह तक शीर्ष पर रहीं। लेकिन आर्यना सबालेंका के शीर्ष स्थान पर आने के बाद वह आठ सप्ताह के लिए नंबर दो पर रहीं। इसके बाद छह नवंबर 2023 को वह फिर शीर्ष पर काबिज हो गई और 25 सप्ताह से दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी हैं। मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी-इस उपलब्धि पर इगा स्विटेक ने कहा, मैंने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी। वास्तव में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना मुझे गौरवान्वित करता है। स्विटेक गुरुवार को मैड्रिड ओपन के पहले दौर के मुकाबले में चीन की वेंग




### मेट्रो बाजार

## एलन मस्क का एक्स जल्द लॉन्च करेगा टीवी ऐप

**नईदिल्ली, एजेंसी**

गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब को टक्कर देते हुए एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जल्द ही यूजर्स के लिए हाई क्वालिटी वीडियो अपलोड करने के लिए एक टीवी ऐप लॉन्च करेगा. इसकी घोषणा सीईओ लिंडा याकारिनो ने की है. एक्स टीवी ऐप का यूजर इंटरफेस काफी हद तक यूट्यूब जैसा होगा. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में याकारिनो ने कहा कि छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक, एक्स सब कुछ बदल रहा है. एक्स सीईओ ने कहा, 'जल्द ही हम एक्स टीवी ऐप के साथ आपके स्मार्ट टीवी पर रियल टाइम कंटेंट लाएंगे. बड़ी स्क्रीन पर हाई क्वालिटी, शानदार एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस के लिए यह आपका पसंदीदा साथी होगा.' यूजर्स ट्रेंडिंग वीडियो एल्गोरिदम, पावर्ड टॉपिक, क्रॉस-डिवाइस एक्सपीरिएंस, बेहतर वीडियो सर्च, आसान कास्टिंग और व्यापक उपलब्धता (अधिकतर स्मार्ट टीवी पर जल्द ही आने वाले) की उम्मीद कर सकते हैं. याकारिनो ने कहा, 'हम आपको अपडेट रखेंगे, और हां, कृपया अपने आइडिया शेयर करें. हम अपने कम्युनिटी के लिए एक्स में बदलाव करते रहते हैं.' ट्रेंडिंग वीडियो एल्गोरिदम यूजर्स को पॉपुलर कंटेंट के जरिए अपडेट रहने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है. एक एक्स यूजर ने कहा कि क्रिएटर्स के लिए एक वीडियो प्लेलिस्ट/इंडेक्स अच्छा होगा, ताकि हम अपनी खुद की प्लेलिस्ट बना सकें. यूजर ने लिखा, 'कई यूजर्स अलग-अलग तरह के वीडियो पोस्ट करते हैं और अपने ओरिजनल कंटेंट को 30 सेकंड के न्यूज क्लिप से अलग करना चाहते हैं, जिस पर वे कमेंट कर रहे हैं. इससे दर्शकों को केवल उनके क्यूरेटेड वीडियो देखने में मदद मिलेगी.'



## मई तक विस्तारा की स्थिति सामान्य होने की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी**

विस्तारा एयरलाइंस में पायलट्स की कमी का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ दिनों से एयरलाइंस को अपनी कई उड़ानों को रद्द करना पड़ा था। इस बीच, विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने मई तक स्थिति सामान्य होने की उम्मीद जताई हैं। कुछ दिनों से पायलट्स की कमी का असर विस्तारा एयरलाइंस पर खासा दिखाई दे रहा है। बीते बुधवार को कंपनी के पदाधिकारियों और पायलट्स के बीच वर्चुअल बैठक हुई थी। गौरतलब है कि पिछले चार दिनों में विस्तारा एयरलाइंस द्वारा 100 से अधिक उड़ाने रद्द कर दी गई हैं। डीजीसीए ने उड़ाने के रद्द और देरी पर एक दैनिक रिपोर्ट देने के लिए कहा था। इस बीच, विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने उम्मीद जताई है कि मई महीनें तक परिचालन सामान्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पायलट्स के बढ़े रोस्टर के कारण उड़ान में बाधा आई। एक साक्षात्कार में विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने कहा कि हम इस तरह के व्यवधानों के लिए यात्रियों से माफी मांगते हैं। आखिरी मिनट में उड़ान उद्द होने पर चिंता का कोई कारण नहीं है। विस्तारा स्थिति को सामान्य करने पर जोर दे रहा है और ये काफी तेजी से हो रहा है। विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन का कहना है कि पायलट्स द्वारा उठाई गई चिंताओं की समीक्षा और चर्चा की जा रही है। एजेंसी को दिए साक्षात्कार में विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने कहा कि आखिरी समय पर उड़ानें रद्द करने की आवश्यकता इस सप्ताह के बाद नहीं होगी, क्योंकि समस्या को धीरे-धीरे सुलझाया जा रहा है। पायलट्स के लिए बफर स्थिति स्थिर हो रही है। उन्होंने कहा कि जहां तक उड़ानों को लेकर सवाल है कि तो हम सामान्य स्थिति में आ गए हैं। विनोद कन्नन ने कहा कि सोमवार से सिस्टम में जो भी उड़ानें हैं, वे संचालित होनी चाहिए। उन्होंने यात्रियों को आश्वस्त करना चाहा कि अंतिम समय में उड़ानें रद्द नहीं की जाएंगी। कन्नन ने कहा कि परिचालन में कमी के तहत एयरलाइन ने 20-25 दैनिक उड़ानों में कटौती की है।

### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

## तनिषा ने 21 साल से नहीं दी एक भी हिट, फिर भी मेकर्स हुए मेहरबान



तनिषा मुखर्जी ने साल 2003 में करण नाथ, डिनो मोरिया संग फिल्म 'श्हहहह' से फिल्मों की दुनिया में कदम रखा था और उनकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ढेर हो गई थी जिसके बाद वह साल 2004 में फिल्म 'पॉपकॉर्न खाओ! मस्त हो जाओ' में नजर आई थीं. तनिषा की बैक-टू-बैक दो फिल्में बॉक्स-ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थीं. उसके बाद तनिषा ने जितनी भी फिल्मों में काम किया वो सभी फिल्में बॉक्स-ऑफिस पर फ्लॉप होती चली गईं. साल 2005 में एक्ट्रेस की फिल्म 'सरकार' आई थी जिसने बॉक्स-ऑफिस पर औसतन कमाई कर तनिषा का खाता खोला था. फिल्म 'सरकार' को टिकट खिड़की पर सेमी-हिट का टैग मिला था. 'सरकार' की सफलता के बाद तनिषा उसी साल फिल्म 'टैंगो चार्ली' में दिखी थीं. 2010 के बाद तनिषा मुखर्जी ने फिल्मों से एक लंबा ब्रेक ले लिया था जिसके बाद उन्होंने साल 2016 में फिल्म 'अन्ना' से एक लंबे अरसे बाद पर्दे पर वापसी की. हालांकि, उनकी ये कमबैक फिल्म भी दर्शकों पर कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई थी. बीते 21 साल में तनिषा मुखर्जी बॉक्स-ऑफिस पर एक भी हिट फिल्म नहीं दे पाई हैं. हालांकि, बैक-टू-बैक फ्लॉप फिल्में देने के बावजूद तनिषा मुखर्जी को फिल्मों में काम मिलता रहा है और अब जल्द ही वह श्रेयस तलपड़े संग फिल्म 'लव यू शंकर' में नजर आने वाले हैं. अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव यू शंकर' के प्रमोशन के दौरान तनिषा मुखर्जी ने सुपरस्टार बहन काजोल संग तुलना के बारे में खुलकर बात की. उन्होंने बताया कि अक्सर उन्हें इंडस्ट्री में काजोल संग कंपेयर किया जाता है, लेकिन वह इसे नेगेटिव तरीके से नहीं देखती हैं. एक इंटरव्यू में तनिषा मुखर्जी कहती हैं, 'मैं काजोल की तरह नहीं बन सकती और वह मेरी तरह नहीं बन सकती हैं. काजोल ने दुनिया को दिखाया कि उनके पास कितना टैलेंट है और अब मेरी बारी है कि दुनिया को दिखाऊं कि मैं क्या कर सकती हूं'.

## बाबिल का इंस्टाग्राम पोस्ट देख बेचैन हुए फैंस



इरफान खान के बेटे बाबिल खान सोशल मीडिया पर अक्सर अपने बाबा से जुड़ी पुरानी यादों को फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं, लेकिन अब उन्होंने एक ऐसा क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जिसे पढ़कर फैंस बेचैन हो गए हैं। इस पोस्ट में उन्होंने हार मान लेने और बाबा के पास जाने का जिक्र किया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान के बेटे बाबिल खान भी पापा के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग का दमखम दिखा रहे हैं। पैर जमाने की जद्दोजहद में हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर पिता की पुरानी यादों को फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं, लेकिन हाल ही में सबको तब चिंता में डाल दिया, जब एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने हार मान लेने और बाबा के पास चले जाने का जिक्र किया है। हालांकि, जैसे ये पोस्ट वायरल हुआ, उन्होंने इसे डिलीट भी कर दिया। बाबिल खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'कभी कभी मुझे ऐसा लगता है कि मैं हार मान लूं और बाबा के पास चला जाऊं।' बाबिल का ये पोस्ट देखकर फैंस उनके लिए परेशान हो रहे हैं कि आखिर बाबिल के साथ ऐसा क्या हो गया, जो ये बात लिखने की नौबत आ गई।

## अमोल पाराशर को गुपचुप डेट कर रही हैं कोंकणा सेन शर्मा!



रणवीर शौरी के एक ट्वीट ने पूर्व पत्नी कोंकणा सेन शर्मा को लेकर एक सनसनी मचा दी है। रणवीर के ट्वीट इशारा कर रहा है कि कोंकणा को-स्टार अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं। एक पैरोडी अकाउंट ने कोंकणा और अमोल को लेकर ट्वीट किया, जिस पर रणवीर शौरी ने कमेंट किया है। पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही हैं, जिन्हें एक्ट्रेस के पूर्व पति व एक्टर रणवीर शौरी ने इनडायरेक्टली कन्फर्म कर दिया है। रणवीर ने एक ऐसा ट्वीट किया है, जिससे इशारा मिल रहा है कि कोंकणा और अमोल के बीच कुछ चल रहा है। कोंकणा के फैंस उस वक्त हैरान रह गए, जब अचानक ऐसी खबरें आने लगीं कि अमोल को गुपचुप डेट कर रही हैं। हाल ही एक पर पैरोडी अकाउंट से ट्वीट किया। राजनेताओं और अन्य हस्तियों पर कटाक्ष करने के लिए मशहूर इस अकाउंट पर लिखा गया कि कोंकणा सेन शर्मा ने मोदी भक्त रणवीर शौरी को छोड़कर सेक्युलर अमोल पाराशर को डेट करने का सबसे अच्छा फैसला लिया।

**फैंसकमेंट्स:**

अब एक्टर के इस कमेंट से हलचल मच गई। फैंस को लगने लगा है कि कोंकणा वाकई एक्टर अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं। इस ट्वीट से सोशल मीडिया पर सनसनी मच गई है। एक यूजर ने लिखा, कोंकणा, अमोल को डेट कर रही हैं? ये कब हुआ? एक अन्य ने लिखा, यह किसी की निजी जिंदगी है. इसमें मत पड़ो दोस्त। मालूम हो कि कोंकणा सेन शर्मा अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं और 'पेज 3' व 'वेक अप सिड' जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं।

#### एक्ट्रेस कोंकणा सेन और रणवीर की शादी व तलाक

कोंकणा की बात करें तो उन्होंने रणवीर शौरी को साल 2007 में डेट करना शुरू किया था, और 2010 में एक निजी समारोह में शादी कर ली थी। साल 2011 में वो एक बेटे के पैरेंट्स भी बने। लेकिन साल 2020 में कोंकणा सेन और रणवीर शौरी का तलाक हो गया। हालांकि दोनों आज भी अच्छे दोस्त हैं और मिलकर बेटे की परवरिश कर रहे हैं।

# बोलेरो सवार युवकों ने पिता-पुत्र से की मारपीट, लूटपाट भी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया इलाके में ज्वैलर्स व्यवसायी पिता-पुत्र के साथ बोलेरो सवार तीन युवकों ने झूमाझटकी कर दी। बेटे का आरोप है कि झूमाझटकी के दौरान उसके गले से सोने की चैन और हाथ की अंगूठी भी लूट ली गई। हालांकि प्रारंभिक जांच में लूटपाट की घटना की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस का कहना है कि शराब ठेकेदार को लोगों ने पिता-पुत्र को थैला चैक कराने का बोला था, जिसको लेकर उनके बीच बहसबाजी हुई थी। घटना की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार बनवारीलाल साहू (42) काछी मोहल्ला थाना कोतवाली जिला विदिशा के रहने वाले हैं और ग्रामीण इलाके में आर्डर पर सोने-चांदी के जेवरात बेचने का काम करते हैं।



बनवारी लाल ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बीती 22 अप्रैल को वह अपने बेटे रितिक साहू (22) के साथ मोटर सायकिल से अर्जुनखेड़ी जा रहे थे। दोपहर करीब बारह से एक बजे के बीच वह गांव आने से पहले नदी की पुलिया पर पहुंचे, तभी बोलेरो सवार तीन लोगों ने उनकी बाइक को रोक लिया। जीप से उतरे पीछे बैठे बेटे रितिक से बदसलूकी करते हुए थैला दिखाने की बात करने लगे। रितिक ने जब थैला दिखाने से इंकार किया तो वह झूमाझटकी करने लगे। पिता-पुत्र ने जब शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम करने वाले लोग दौड़कर पहुंचे, जिसके बाद तीनों लोग जीप में बैठकर भाग निकले। बाद में रितिक ने देखा तो उसके गले में पहनी सोने की चैन और उंगली में पहनी अंगूठी गायब थी। तीनों के भागते समय रितिक ने उनका वीडियो बना लिया था। बनवारीलाल का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत आवेदन लिया है, लेकिन एफआईआर नहीं दर्ज की है।

### इधर, पुलिस ने लूट की घटना से किया इनकार

थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने लूटपाट की घटना से इंकार किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि शराब ठेकेदार के लोग अवैध शराब का परिवहन करने वालों पर नजर रखते थे। घटना वाले तीन इन्हीं लोगों ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रोककर थैला चैक करवाने की बात कही थी, जिसका उन्होंने विराध किया। इसको लेकर उनके बीच बहसबाजी हुई थी। बाद में तीनों लोग जीप में सवार होकर वहां से निकल गए। आसपास के लोगों से हुई पूछताछ में भी यही बात सामने आई है। ठेकेदार के लोगों को चिन्हित किया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दंपती को ट्रक ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित जिंदल अस्पताल के पास गुरुवार देर रात ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला की मौत हो गई, जबकि पति और दो मासूम बच्चों को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार निशा कुशवाह पति महेश कुशवाह (28) कैलाश नगर, सेमरा में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। महेश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात वह भानपुर स्थित मैरिज गार्डन में पत्नी निशा और दो बच्चों को लेकर बाइक से शादी में शामिल होने गया था। शादी का कार्यक्रम निपटाकर दंपती अपने बच्चों के साथ बाइक से घर आने के लिए निकले थे। रात करीब एक बजे के आसपास महेश ग्रीन सिटी कॉलोनी और जिंदर अस्पताल के पास वाली सड़क से कोलुआ गांव होते हुए सेमरा जा रहा था। ग्रीन सिटी कॉलोनी के सामने पहुंचते ही टर्निंग पाइंट पर उसने बाइक मोड़ी और सड़क के लगभग बाहर तक आ गया, लेकिन बाइक का पिछला हिस्सा सड़क पर था और नरेला संकरी की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में दंपती सड़क पर गिर गए थे। टक्कर बाइक में पीछे लगने के कारण पीछे बैठी निशा को गंभीर चोट आई थी। महेश उसे लेकर अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।

# गुफा मंदिर में बर्तन चोरी करते पकड़ाया बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुफा मंदिर लालघाटी में चोरी करते हुए बदमाश को मंदिर के विद्यार्थी ने रंगेहाथ पकड़ लिया। वह बर्तन चोरी कर रहा था। इसी बीच बर्तन गिरने से भोजन व्यवस्थापक की नींद खुल गई। उसने शोर मचाकर बदमाश को पकड़वा दिया। जबकि उसका साथी भाग गया। कोहेफिजा पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गुफा मंदिर लालघाटी निवासी 38 साल के ब्रजेश कुमार मिश्रा मंदिर व्यवस्थापक हैं। बुधवार की रात भोजन वितरण के बाद भगोने, उनके ढक्कन धोकर मंदिर प्रांगण में रखा। इसके बाद अपने कमरे पर जाकर लेट गए। रात करीब साढ़े 11 बजे बर्तन टकराने की आवाज आई। सुनकर बाहर निकला। देखा कि एक लड़का सफेद कलर की टी-शर्ट पहने हुआ मंदिर परिसर के बर्तन लेकर भागते दिखा। उन्होंने मंदिर केविद्यार्थी की सहायता से उसे पकड़ लिया। उसने अपना शुभम मसानी बताया। शुभम ने बताया कि वह मंदिर परिसर में जीने से चड़कर दाखिल हुआ था। उसके साथ उसका साथी नयन भी था। वह भाग गया है। ब्रजेश मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर में घटनाओं पर लगाम लगाने जंगल में सीसीटीवी कैमरे, लाइट लगाई गई है। इसके बावजूद बदमाश कैमरों से बचकर दूसरे रास्ते से दाखिल हो जाते हैं।

# ई-रिक्शा से घर लौट रही महिला के बैग से जेवरात चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शहर में दिन-ब-दिन चोरी का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। पुलिस भी चोरी पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। अयोध्या नगर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। महिला का कहना है कि वह नादरा बस स्टैंड वसंत कुंज अपने निवास जाने के लिए निकली थी। इस दौरान रास्ते में उसके बैग से किसी ने जेवरात चुरा लिए। पुलिस के अनुसार किरण साहू पति अनिल साहू (28) वसंत कुंज, अयोध्या नगर में रहती है। वह गृहणी है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह आष्ठा शादी में गई थी। वहां से लौटने के बाद वे नादरा बस स्टैंड से ई रिक्शा में सवार हुई। ई रिक्शा में पूर्व में ही सवारी बैठी हुई थी। ई रिक्शा चालक वसंत कुंज पहुंचा तो किरण ने किराया दिया और अपने घर चली गई। घर जाकर उन्होंने देखा तो उनके पर्स में रखी जेवर वाली डिब्बा नहीं था। इसके बाद वह थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।

### अशोका गार्डन थाना क्षेत्र का मामला, मकान मालिक ने दी पुलिस को घटना की सूचना

# बंद कमरे में पत्नी से की मारपीट बेहोश हुई तो पति ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सेमरा तिराहा पर गुरुवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उसने पत्नी से बेरहमी से मारपीट की थी। पति की मारपीट से पत्नी बेहोश हो गई तो पति ने फांसी लगा ली। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया था, जबकि फांसी लगाने वाले पति का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।**




पुलिस के अनुसार सीताराम कुशवाह पिता उमेश सिंह कुशवाह (42) सेमरा तिराहा पर पत्नी खुशबू और दस साल का बेटा और आठ साल की बेटी के साथ रहता था। मूलतः विदिशा के पिपलिया चौराहा निवासी सीताराम मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। गुरुवार को वह काम पर नहीं गया था। शराब पीने के कारण उसका पत्नी से अक्सर विवाद होता था। गुरुवार दोपहर भी उसका पत्नी से विवाद हुआ। विवाद बड़ने पर उसने पत्नी को कमरे में बंधक बनाकर मारपीट शुरू कर दी।

### बच्चों ने दी रिश्तेदार को जानकारी

सीताराम के बच्चे ने दूर के रिश्तेदार को घर के बाहर से गुजरता देख बताया था कि पिता मां के साथ कमरे में मारपीट कर रहे है और दरवाजा नहीं खोल रहे है। मां की आवाज भी अंदर से नहीं आ रही है। रिश्तेदार घर पहुंचा और खिड़की से झांककर देखा तो उसे सीताराम की लाश फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई, जबकि पत्नी कुछ दूरी पर बेहोश पड़ी हुईड़थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया और सीताराम की बेहोश पत्नी खुशबू को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि सीताराम ने रोशनदान की जाली में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाई है।

## बीमारी से परेशान बुजुर्ग व्यक्ति ने फांसी लगा की आत्महत्या



शाहजहांनाबाद में बीमारी से परेशान एक बुजुर्ग व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक धीरज रोकड़े (70) मदर इंडिया कालोनी में रहते थे। गुरुवार सुबह जब घर के लोग अपने कामों में व्यस्त थे, तभी धीरज ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि वह कई प्रकार की बीमारियों से परेशान थे। अनुमान है कि इसी कारण उन्होंने फांसी लगाई होगी। इधर निशातपुरा थानांतर्गत गीता नगर भानपुर निवासी निरपत पाल (74) को चक्कर आने के बाद इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## घर से निकले व्यक्ति का रेलवे पटरी से बरामद हुआ शव

छोला मंदिर पुलिस ने गुरुवार सुबह भानपुर रेलवे पटरी से एक व्यक्ति की लाश बरामद की है। वह बुधवार की रात कुछ देर में वापस आने का कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक संतोष शर्मा (48) चंदन नगर भानपुर में रहते थे और एक गैस एजेंसी में काम करते थे। बुधवार की रात करीब ग्यारह बजे थोड़ी देर में वापस लौटने का बोलकर घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिवार वालों ने रात में उनकी आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह करीब साड़े सात बजे भानपुर रेलवे पटरी पर संतोष की लाश बरामद हुई। मर्ग जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि संतोष ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की अथवा किसी हादसे का शिकार हुए।



# गैस एजेंसी के कर्मचारी ने ट्रेन से कटकर दी जान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज के पास रेलवे ट्रेक पर गुरुवार सुबह गैस एजेंसी के एजेंट की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्होंने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। देर रात वह थोड़ी देर में आने का कहकर घर से निकले थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि चंदन नगर भानपुर निवासी संतोष शर्मा पुत्र देवी प्रसाद शर्मा (48) गैस सिलेंडर की एजेंसी में एजेंट थे। बुधवार रात खाना खाने के बाद वह थोड़ी देर में आने का कहकर घर से निकले थे लेकिन उसके बाद वह लौटे नहीं। तीन-चार घंटे बाद चिंतित परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी थी। तलाश करने के दौरान भानपुर ब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर उनका क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। परिजनों ने ही पुलिस को घटना की सूचना दी। एएसआई प्रीतम सिंह ने बताया कि मृतक का सिर व एक आंख पूरी तरह से पिचक गई थी। फिलहाल कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि शोकाकुल परिजन से बात नहीं हो सकी है। शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही कारणों का खुलासा होने की उम्मीद की जा रही है।

## पुरानी वसूली को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** छोला इलाके में उधारी को लेकर एक युवक को लोहे के पाइप से बेरहमी से पीट दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में कपिल नाम का युवक सिर में लगी चोट दिखाते हुए बोल रहा है कि बुधवार को वह शंकर नगर में घूम रहा था, तभी ढोल बजाने का काम करने वाले बंटी नाम के व्यक्ति ने उधारी के 11 हजार वापस मांगे। उसने जब रुपये अभी नहीं होने की बात कही, तो बंटी और उसके साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। सिर में लोहे का पाइप लगने से उसके सिर से खून बहने लगा था।

# जिला बदर का उल्लंघन करते पकड़ाया बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित फंदा खुर्द में एक बदमाश को पुलिस ने जिला बदर का उल्लंघन करते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) की कार्रवाई की गई है। आरोपी पर 11 अपराध दर्ज थे और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए उसे पांच महीने के लिए राजधानी और आसपास के जिलों की सीमा से दूर रहने के आदेश दिए गए थे। बावजूद इसके आरोपी इलाके में भटक रहा था। पुलिस के अनुसार शुभम रैकवार पिता कन्हैयालाल रैकवार (25) फंदा खुर्द, खजूरी सड़क में रहता है। उस पर 11 अपराध दर्ज है। लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उसके खिलाफ 3 अप्रैल 3024 को जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। उसे पांच महीने की अवधि तक जिले और जिले की सीमा से लगे जिलों से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। पुलिस को सूचना मिली कि वह जिला बदर का उल्लंघन करते हुए गांव में ही रह रहा है। पुलिस का कहना है कि उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से उसे जमानत मिल गई है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022